RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

आज की खबर आज ही
जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी
# चेतना मंच




वर्ष : 26 | अंक : 331 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, शुक्रवार, 22 नवंबर, 2024 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रु. | पेज: 8

# दिल्ली को मुफ्त की ‘छह रेवड़ियां’

## केजरीवाल ने लाँच किया अभियान, घर-घर जाएंगे ‘आप’ के कार्यकर्ता

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** दिल्ली में अगले साल फरवरी में होने वाले विधानसभा चुनाव



को लेकर आम आदमी पार्टी ने अपनी तैयारियां तेज कर दी है। गुरुवार को पार्टी ने जहां अपने 11 उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी की तो वहीं पार्टी ने ‘फ्री की रेवड़ी’ अभियान लॉन्च करने जा रही है।

‘फ्री की रेवड़ी’ अभियान को पार्टी संयोजक अरविंद केजरीवाल द्वारा लॉन्च किया गया। सूत्रों के अनुसार, आप कार्यकर्ता ये रेवड़ी अपने साथ लेकर दिल्ली के हर घर में जाएंगे और लोगों के बीच वितरित करेंगे। इन रेवडियों में दिल्ली की आप सरकार की 6 प्रमुख योजनाओं को दर्शाया गया है।

रेवड़ी पर चर्चा अभियान को लांच करते हुए ‘आप’ के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि आप सच्चाई के रास्ते पर चल रही है। लड़ाई बहुत मुश्किल है। पिछले दो साल के अंदर आप ने जो झेला है ऐसा किसी पार्टी के ऊपर इतना जबरदस्त वार नहीं हुआ होगा। केजरीवाल ने कहा कि भाजपा कहती है कि आप मुफ्त की रेवड़ी देती है। उन्होंने कहा, हां आप फ्री की छह रेवड़ियां देती है। भाजपा की 20 राज्यों में सरकार है, लेकिन वो एक भी राज्य बता दें जहां इनमें से एक भी रेवड़ी मिलती हो। पहली रेवड़ी है कि 24 घंटे बिजली आना। फ्री बिजली। दूसरी पानी फ्री कर दिया। तीसरी स्कूल अच्छे कर दिए। चौथी इलाज मुफ्त कर दिया। पांचवीं रेवड़ी महिलाओं की फ्री बस

**फ्री की रेवड़ियां**

1.मुफ्त बिजली
2.मुफ्त विश्वस्तरीय शिक्षा
3. मुफ्त पानी
3.बुजुर्गों के लिए तीर्थ यात्रा
4.महिलाओं के लिए मुफ्त बस यात्रा
6. मुफ्त दवा और इलाज


यात्रा है। छठी रेवड़ी तीर्थयात्रा है। भाजपा वाले ये नहीं देंगे। केजरीवाल ने कहा कि अगर भाजपा की सरकार बनी तो मुफ्त योजनाओं को बंद कर दिया जाएगा।

दरअसल भारतीय जनता पार्टी रेवड़ी कल्चर का आरोप लगाते हुए दिल्ली की सत्ता पर काबिज आम आदमी पार्टी पर घेरती रही है। बीजेपी और खासकर प्रधानमंत्री ने भी अपने चुनावी प्रचार अभियान के दौरान कई बार रेवड़ी कल्चर का जिक्र किया है। बीजेपी के ही आरोप को हथियार बनाते हुए पार्टी अब ‘फ्री की रेवड़ी’ अभियान शुरू कर रही है जिसका ऐलान बीते अक्टूबर में ‘जनता की अदालत’ कार्यक्रम के दौरान खुद अरविंद केजरीवाल ने किया था।

# उप्र में बिना खोट के होती हैं अब भर्तियां : मुख्यमंत्री

## लखनऊ में 701 वन दरोगाओं को सौंपे नियुक्ति-पत्र

**लखनऊ ( एजेंसी )।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ के लोकभवन में



आयोजित कार्यक्रम में 701 वन दरोगाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए। उन्होंने कहा कि इन वन दरोगाओं में से 140 महिला अभ्यर्थी हैं। मुख्यमंत्री योगी ने सभी को बधाई और शुभकामनाएं दी.इस दौरान प्रदेश सरकार की तरफ से पर्यावरण के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यक्रमों का भी वर्णन किया।

मुख्यमंत्री योगी ने वन दरोगाओं से कहा कि इस समय पूरी दुनिया पर्यावरण को लेकर चिंतित है। हाल ये है कि कई शहरों में प्रदूषण के कारण स्कूल-कॉलेज तक बंद करने पड़ रहे हैं। ऐसे समय में आप सभी लोगों को जागरुक करके समाज और देश के लिए योगदान कर सकते हैं। इसके लिए अपने क्षेत्र में नए प्रयोग करें और अपने विभाग को सर्वोत्तम बनाने का प्रयास करें।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि 2017 में प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद हमने सभी बोर्ड और आयोगों को निर्देश दिया था कि भर्ती प्रक्रिया बिना किसी खोट के हो और कहीं भी गड़बड़ी होने पर जवाबदेही सुनिश्चित हो। यही कारण है कि परीक्षा पूरी होकर नियुक्ति पत्र वितरित हो रहे हैं। (शेष पृष्ठ-3 पर)

# मासूम बच्चों की हत्या करने वाली कलयुगी माँ गिरफ्तार

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना बादलपुर पुलिस ने अपनी 6 साल की बेटी और 4 साल के बेटे की हत्या करने वाली कलयुगी माँ को गिरफ्तार किया है। बताया जाता है कि महिला ने पहले एक मुस्लिम युवक से शादी की थी। वह



हत्या के मामले में जेल चला गया था। उसके बाद उसने उसे छोड़ दिया था, तथा एक हिंदू युवक के साथ रह रही थी। जिससे उसका एक बेटा पैदा हुआ है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार महिला का पहला पति जेल से छुटकर आ गया था, तथा वह उसे अपने साथ ले जाना चाह रहा था। इसी बात से भयभीत होकर उसने अपने बच्चों की हत्या कर खुद आत्महत्या करना चाह रही थी।

पुलिस ने बताया कि गांव खेड़ा धर्मपुर में रहने वाली श्रीमती सोनम पत्नी सोनू ने अपने 4 वर्षीय बेटे और 6 वर्षीय बेटी की गला दबाकर हत्या कर दी थी। (शेष पृष्ठ-3 पर)

# ज्ञानवापी मस्जिद मामले में नोटिस

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** काशी विश्वनाथ-ज्ञानवापी मस्जिद मामले में सुप्रीम कोर्ट ने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) और मस्जिद प्रबंधन समिति को नोटिस जारी किया है। शीर्ष कोर्ट ने यह आदेश हिंदू याचिकाकर्ताओं की याचिका पर दिया है। उन्होंने ज्ञानवापी मस्जिद के ‘वजूखाना’ क्षेत्र का सर्वेक्षण एएसआई से कराने की मांग की है। हिंदू पक्ष का कहना है कि ज्ञानवापी मस्जिद परिसर में वीडियोग्राफी सर्वेक्षण के दौरान एक शिवलिंग मिला था। सुप्रीम कोर्ट ने दो हफ्ते के भीतर जवाब मांगा है।

मामले पर वकील वरुण कुमार सिन्हा ने कहा,ज्ञानवापी मामला सुप्रीम कोर्ट में सूचीबद्ध था। एक आवेदन दायर किया गया था कि वाराणसी जिला न्यायालय के सभी मुकदमों को हाईकोर्ट में स्थानांतरित कर दिया जाए और उन्हें समेकित कर दिया जाए, ताकि सभी सुनवाई एक ही अदालत में हो। सुप्रीम कोर्ट ने मामले को 19 दिसंबर तक स्थगित किया है। उन्होंने कहा, ज्ञानवापी से जुड़ी सभी याचिकाओं को सूचीबद्ध किया जाएगा और सुनवाई शुरू करने की तारीख तय की जाएगी।




**समाजवादी पार्टी आज पार्टी के संस्थापक स्व. मुलायम सिंह यादव की जयंती मना रही है। पार्टी कार्यालय में कार्यकर्ताओं के द्वारा कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। नोएडा महानगर के कार्यकर्ताओं द्वारा जयंती पर रक्तदान किया गया।**

## पुरुषोत्तम नागर बने कुल्लू के प्रभारी

**नोएडा ( चेतना मंच )।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव एवम् हापुड़ प्रभारी पुरुषोत्तम नागर को कांग्रेस



पार्टी ने अहम जिम्मेदारी दी है। हिमाचल प्रदेश में संगठन के पुनर्गठन की प्रक्रिया के लिए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय महासचिव एवं हिमाचल प्रदेश प्रभारी राजीव शुक्ला के द्वारा श्री नागर को कुल्लू जिले का प्रभारी नियुक्त किया गया है ।

पुरुषोत्तम नागर ने इस अहम जिम्मेदारी मिलने पर कहा कि पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ हिमाचल प्रदेश में संगठन की संरचना को किया जाएगा,जिससे जमीनी कार्यकर्ताओं को संगठन में अवसर मिले।

पुरूषोतम नागर ने इस जिम्मेदारी के लिए राहुल गांधी, खरगे, प्रियंका गांधी, राजीव शुक्ला और राष्ट्रीय सचिव विदित चौधरी का आभार व्यक्त किया है।

# रॉयल एनफील्ड लूटने वाला बदमाश मुठभेड़ में घायल


**गाजियाबाद ( चेतना मंच )।** गाजियाबाद जिले में पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़



में पुलिस की गोली लगने से एक बदमाश मौके पर ही घायल हो गया। पुलिस ने घायल आरोपी को अस्पताल भेजकर दूसरे आरोपी को कॉबिंग के दौरान गिरफ्तार कर लिया है और बदमाशों द्वारा लूटी गई रॉयल एनफील्ड हंटर बाइक, तमंचा और कारतूस बरामद कर लिया है।

मुठभेड़ गाजियाबाद के लोनी में अंकुर विहार थाना क्षेत्र में हुई। जहां बृहस्पतिवार की मध्य रात्रि पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हो गई। जिसमें पुलिस की गोली बदमाश के पैर में जा लगी और वो घटनास्थल पर गिर पड़ा। इस दौरान पुलिस ने घायल बदमाश के साथी को भी दबोच लिया। (शेष पृष्ठ-3 पर)

# दिल्ली-नोएडा की हवा जहरीली



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** देश की राजधानी दिल्ली और एनसीआर में प्रदूषण के चलते हालात गंभीर बने हुए हैं। आज दिल्ली के कई हिस्सों में एक्यूआई 400 के पार दर्ज किया गया है। वहीं एनसीआर के शहर नोएडा में एक्यूआई 364 दर्ज किया गया जो बेहद खराब स्थिति है।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के डेटा के अनुसार, आज सुबह आठ बजे आनंद विहार में एक्यूआई 411, मुंडका में 402, बवाना में 411, अशोक विहार 396, आईटीओ 348, जहांगीरपुरी 428, रोहिणी 398, नजफगढ़ 354, आरकेपुरम 374, पंजाबी बाग 393, सोनिया विहार 401, द्वारका सेक्टर 8 में 382 दर्ज किया गया है। (शेष-3 पर)

# नोएडा में दो जगह मुठभेड़, दो बदमाश घायल

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा सेंट्रल इलाके में दो अलग-अलग थाना क्षेत्र में पुलिस और बदमाशों के



बीच हुई मुठभेड़ में दो बदमाश गोली लगने से घायल हो गए, जबकि दो अन्य बदमाशों को पुलिस ने कांबिंग के बाद गिरफ्तार किया है। इन बदमाशों के कब्जे से चोरी की बाइक, तमंचा और कारतूस बरामद किया गया है। पुलिस ने घायल बदमाशों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है।

डीसीपी नोएडा सेंट्रल शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि पुलिस और बाइक सवार बदमाशों के बीच पहली मुठभेड़ थाना फेस-3 की मामूरा बिजली घर चौराहे के पास हुई, जहां पुलिस बैरियर लगाकर वाहनों की चेकिंग कर रही थी। चेकिंग के दौरान जब पुलिस टीम ने बाइक सवार इन बदमाशों को जांच के लिए रोकने का प्रयास किया, तो बदमाश पुलिस टीम पर फायर कर भागने लगे, पुलिस की जवाबी कार्रवाई में गोली लगने से आकाश जादौन घायल हो गया। जबकि उसके साथी आकाश राजपूत को पुलिस ने कांबिंग ऑपरेशन के दौरान पकड़ा है। इन बदमाशों के पास से चोरी की स्प्लेंडर मोटरसाइकिल, तमंचा कारतूस बरामद किया गया है। इन बदमाशों पर चोरी और लूट के दो दर्जन से ज्यादा मुकदमे दर्ज हैं। (शेष पृष्ठ-3 पर)

# नैतिक रूप से जीते, बस अब प्रमाण-पत्र मिलना बाकी

## मतगणना से पहले सपा प्रमुख की समर्थकों से अपील

**लखनऊ ( एजेंसी )।** उत्तर प्रदेश में उपचुनाव की नौ सीटों पर मतदान के बाद मतगणना से एक दिन पहले सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पार्टी नेताओं व समर्थकों से अपील की है कि वो पूरी तरह सतर्क रहें और शनिवार (23 नवंबर) को मतगणना के बाद जीत का प्रमाण पत्र लेकर ही लौटें। उन्होंने कहा कि हम नैतिक रूप से जीत चुके हैं, बस प्रमाणपत्र मिलना बाकी है।

अखिलेश यादव ने सोशल साइट एक्स पर बयान जारी कर कहा कि इंडिया गठबंधन-समाजवादी पार्टी की सजगता व सक्रियता से जिस तरह हमारे मतदाताओं, समर्थकों, कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों, नेताओं, उम्मीदवारों, समस्त पीडीए समाज व कुछ ईमानदार मीडियाकर्मियों ने भाजपा सरकार की चुनावी धांधली का डटकर सामना किया है, उसकी प्रशंसा हर ओर हो रही है। ये सक्रियता आगे भी जारी रहेगी और अपनी सरकार बनाएगी।

सच तो ये है कि जिस प्रकार भाजपा और उनके संगी-साथियों के चुनावी घपलों से लेकर राजनीतिक हथकंडों तक का लगातार पर्दाफाश हो रहा है, उससे भाजपा का समर्थन करनेवालों की संख्या दिन-पर-दिन गिरती जा रही है। जनता भाजपा को चुनना नहीं चाहती है, इसीलिए भाजपा भ्रष्ट शासन-



प्रशासन-प्रचार तंत्र का दुरुपयोग करके सरकार में बने रहना चाहती है। उम्मीद है धीरे-धीरे सबको ये समझ आ जाएगा कि चाहे नेता हों या अधिकारी, भाजपा सबको पहले लालच या अन्य किसी दबाव या भावनात्मक रूप से झांसा देकर गलत काम करवाती है फिर जब वो पकड़े जाते हैं, उनका निलंबन होता है, उनपर मुक़दमा होता है, उनकी नौकरी जाती है या उनको जेल होती है या फिर समाज-परिवार अथवा विभाग में बदनामी होती है तो भाजपा उनसे पल्ला झाड़ लेती है। भाजपाई फंसानेवाले लोग हैं, बचानेवाले नहीं। भाजपा किसी की सगी नहीं है।

## संभल में नमाज को लेकर अलर्ट

**संभल ( एजेंसी )।** संभल में जामा मस्जिद को हरिहर मंदिर बताने के दावे के बाद से पुलिस



प्रशासन अलर्ट है। बृहस्पतिवार को सोशल मीडिया पर जुमे की नमाज पर जामा मस्जिद में ज्यादा से ज्यादा नामाजियों के पहुंचने के आह्वान की पोस्ट पर पुलिस प्रशासन और ज्यादा सतर्क हो गया है। आज नमाज के समय काफी संख्या में लोग मस्जिद के पास जमा होने लगे। (शेष पृष्ठ-3 पर)

## नोट से वोट

भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े पर 5 करोड़ रुपए नकदी बांटने और शराब की बोतलें कार्यकर्ताओं और मतदाताओं को देने के गंभीर आरोप लगे हैं। महाराष्ट्र में मतदान से कुछ घंटे पहले ही, मुंबई के पास बसई-विरार के एक होटल में, तावड़े नकदी के बैगों के साथ दिखाई दिए, लिहाजा उनके खिलाफ तीन प्राथमिकियां दर्ज की गईं। तावड़े ने आरोपों को खारिज किया है और भाजपा ने इन्हें बेबुनियाद, हास्यास्पद आरोप करार दिया है। विरार और नालासोपारा की स्थानीय पार्टी 'बहुजन विकास अघाड़ी' के विधायक-नेताओं और कार्यकर्ताओं ने होटल में हंगामा मचाया, नोट हवा में लहराए, करीब 3 घंटे तक तावड़े की घेराबंदी किए रखी। विरार के विधायक हितेंद्र ठाकुर ने 5 करोड़ नकदी बांटने का आरोप लगाया है। कुछ डायरियों के भी आरोप लगाए हैं, जिनमें दर्ज है कि किसे, कितना पैसा दिया गया। वह 5 करोड़ रुपए का नकदी कहां है, उसे अभी तक बरामद करके सार्वजनिक नहीं किया गया है। अलबत्ता होटल के कमरा नंबर 405, 410, 416 से क्रमश: 9 लाख, 72500 और 14000 रुपए जरूर बरामद किए गए हैं। इसके अलावा, 4 बोतल शराब और कुछ चुनाव प्रचार सामग्री भी जब्त किए गए हैं। बेशक यह चुनाव की अनैतिकता के साथ-साथ आचार संहिता का उल्लंघन भी है। यह चुनाव-अपराध भी है, क्योंकि प्रचार समाप्त होने के बाद दूसरे चुनाव क्षेत्र में जाना वर्जित है, लिहाजा आचार संहिता का हनन भी है। पुलिस ने संज्ञान लेते हुए बीएनएस की धारा 163 और जनप्रतिनिधित्व कानून की धारा 126 के तहत प्राथमिकी दर्ज की है। आचार संहिता के उल्लंघन के मद्देनजर प्राथमिकी अलग है। सभी तीन प्राथमिकियों में भाजपा नेता विनोद तावड़े को आरोपित बनाया गया है, लेकिन उन्हें गिरफ्तार नहीं किया गया। चूंकि विरार क्षेत्र में 'बहुजन विकास अघाड़ी' का राजनीतिक प्रभाव है, लिहाजा यह उसकी सियासत हो सकती है। तावड़े नोट बांट रहे हों, इसका कोई साक्ष्य नहीं है। नालायकी है अथवा यह जानबूझ कर किया गया, लेकिन होटल के उन कमरों के सीसीटीवी बंद थे। जांच के लिए फुटेज कहां से मिलेगी? बहरहाल नकदी बांटना, शराब मुहैया कराना या कुछ और वस्तुएं बांटना हमारे चुनाव-तंत्र का हिस्सा रहे हैं। नैतिक-अनैतिक होने के सवाल फिजूल हैं। औसतन हर चुनाव में ऐसी घटनाएं सामने आती हैं। महाराष्ट्र के इन चुनावों में ही 18 नवंबर तक करीब 1000 करोड़ रुपए के नकदी, सोना, चांदी और ड्रग्स पकड़े गए थे। नासिक के एक होटल में शिवसेना (शिंदे) के एक नेता करीब 2 करोड़ रुपए नकदी के साथ पकड़े गए। आरोप एनसीपी (शरद) सांसद सुप्रिया सुले और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले पर भी आरोप लगाए गए हैं कि बिटक्वाइन की हेराफेरी के पैसे का इस्तेमाल चुनाव में किया जा रहा है। अब जिम्मेदारी चुनाव आयोग की है कि वह निष्पक्ष जांच करे। हर चुनाव में ऐसा ही निष्कर्ष सामने आता है। 2024 के लोकसभा चुनाव के दौरान 10,000 करोड़ रुपए नकदी, शराब, अन्य वस्तुओं के रूप में पकड़े गए। उनका क्या हुआ? जिन पर केस दर्ज किए गए थे, उनका निष्कर्ष क्या निकला? वे सार्वजनिक क्यों नहीं हो पाए? दरअसल चुनाव आयोग 'दंतहीन' निकाय है। उसे संवैधानिक अधिकार प्राप्त हैं, लेकिन किसी को दंडित करने के अधिकार नहीं हैं। सवाल यह भी है कि जो करोड़ों रुपए जब्त किए जाते हैं, वे कहां जाते हैं? क्या वे किसी राज्य के खजाने का हिस्सा बनते हैं? अदालत में भी सौंपेंगे, तो वहां से भी सरकार के पास ही नकदी जाएगी। तावड़े प्रकरण सामने आया है, तो उद्धव ठाकरे ने इसे 'नोट जेहाद' करार दिया है। राहुल गांधी ने फिर प्रधानमंत्री मोदी से सवाल किया है-आखिर ये 5 करोड़ रुपए किस 'सेफ' से आए हैं? जनता का पैसा लूट कर आपको किसने टेम्पो में नकदी भेजा है? आरोप जितने भी हों, लेकिन यह कोई न्यायिक निष्कर्ष नहीं है। जितना नकदी, सोना-चांदी आदि इन चुनावों में जब्त किया गया है, उससे महाराष्ट्र में सूखा समाप्त करने की एक योजना लागू की जा सकती थी। इस बार चुनाव आयोग के उड़नदस्तों ने मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्रियों, केंद्रीय मंत्रियों, पार्टी प्रमुख नेताओं आदि के हेलीकॉप्टर तक में तलाशी ली। ऐसे नेता नकदी, शराब आदि लेकर कहां घूमते हैं। नकदी बांटा जाता है, यह हमारे चुनाव का यथार्थ है। उससे अधिक महत्वपूर्ण सवाल चुनाव आयोग की शक्तियों से जुड़े हैं। उसे वाकई 'दांत' मुहैया कराने पड़ेंगे।

## रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि यदि आपके हृदय में बहुत ही हठ है और विवाह की बातचीत (बरेखी) किए बिना आपसे रहा ही नहीं जाता, तो संसार में वर-कन्या बहुत हैं। खिलवाड़ करने वालों को आलस्य तो होता नहीं (और कहीं जाकर कीजिए)॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**जन्म कोटि लगि रगर हमारी। बरउँ संभु न त रहउँ कुआरी॥**
**तजउँ न नारद कर उपदेसू। आपु कहहिं सत बार महेसू॥**

मेरा तो करोड़ जन्मों तक यही हठ रहेगा कि या तो शिवजी को वरूँगी, नहीं तो कुमारी ही रहूँगी। स्वयं शिवजी सौ बार कहें, तो भी नारदजी के उपदेश को न छोड़ूँगी॥

**मैं पा परउँ कहइ जगदंबा। तुम्ह गृह गवनहु भयउ बिलंबा॥**
**देखि प्रेमु बोले मुनि ग्यानी। जय जय जगदंबिके भवानी॥**

जगज्जननी पार्वतीजी ने फिर कहा कि मैं आपके पैरों पड़ती हूँ। आप अपने घर जाइए, बहुत देर हो गई। (शिवजी में पार्वतीजी का ऐसा) प्रेम देखकर ज्ञानी मुनि बोले- हे जगज्जननी! हे भवानी! आपकी जय हो! जय हो!!

**दो0- तुम्ह माया भगवान सिव सकल गजत पितु मातु।**
**नाइ चरन सिर मुनि चले पुनि पुनि हरषत गातु॥**

आप माया हैं और शिवजी भगवान हैं। आप दोनों समस्त जगत के माता-पिता हैं। (यह कहकर) मुनि पार्वतीजी के चरणों में सिर नवाकर चल दिए। उनके शरीर बार-बार पुलकित हो रहे थे॥ (क्रमशः..)

# डोनाल्ड ट्रम्प की विजय और भारत

अमेरिका में रिपब्लिकल पार्टी की ऐतिहासिक विजय के बाद अब यह तय हो गया है कि पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प दूसरी बार अमेरिका के राष्ट्रपति बनेंगे। अमेरिका का इतिहास बताता है कि ट्रम्प की यह जीत उनकी ऐतिहासिक वापसी है। अमेरिका में यह विजय किसी चमत्कार से कम नहीं है। 130 वर्ष के अमेरिकी इतिहास में यह पहली बार है, तब किसी ने यह कारनामा किया है। डोनाल्ड ट्रम्प ने लगातार तीसरी बार अमेरिका के राष्ट्रपति का चुनाव लडा, जिसमें पहली और तीसरी बार वे सफल रहे, दूसरी बार के चुनाव में जो बाइडेन से पराजित हो गए। इस चुनाव में पराजित होने के बाद ट्रम्प अमेरिका में राजनीतिक तौर पर लगातार सक्रिय रहे। उनका मिशन फिर से राष्ट्रपति बनना ही था, जिसे उन्होंने बखूबी अंजाम देकर एक नया कीर्तिमान बना दिया। चुनाव में उनकी प्रतिद्वंदी कमला हैरिस यकीनन राजनीतिक समझ रखती थी, लेकिन यह समझ किसी भी प्रकार से सफलता की परिचायक नहीं बन सकी। हालांकि अमेरिकी मीडिया के एक वर्ग ने तो उनको भावी राष्ट्रपति के रूप में प्रचारित कर दिया। लेकिन यह नैरेटिव भी उनके लिए जीत का मार्ग नहीं बना सका। यहां एक ?स तथ्य यह भी माना जा सकता है कि कमला हैरिस को भारतीय मूल का बताने का सुनियोजित प्रयास किया गया। ऐसा इसलिए किया गया कि भारतीय मूल के मतदाताओं को उनके पक्ष में लाया जा सके, लेकिन वे जिन हाथों में खेल रही थी, वह लाइन भारत के लिए राजनीतिक तौर सही नहीं थी।

वैश्विक राजनीति के जानकार डोनाल्ड ट्रम्प की जीत कई निहितार्थ निकाल रहे हैं। कई विश्लेषक ट्रम्प की जीत को भारत की कूटनीतिक सफलता के तौर पर भी स्वीकार कर रहे हैं। इसका एक कारण यह माना जा रहा है कि वैश्विक स्तर पर भारत सरकार जिस नीति और विचार को लेकर कार्य कर रही है, उसकी झलक ट्रम्प के विचारों में भी दिखाई देती है। इसके अलावा ट्रम्प का कहना है कि अमेरिका की खोई ताकत को फिर से प्राप्त करना चाहते हैं। आज अमेरिका कहने मात्र को ही महाशक्ति है, लेकिन उसका वैसा दबदबा आज नहीं है, जो पहले हुआ करता था। इस बीच भारत ने महाशक्ति बनने की दिशा में तीव्र गति से अपने कदम बढ़ाए हैं, इसलिए आज विश्व के अनेक देश



*अमेरिका के इस चुनाव में भारत के लोकसभा चुनाव की तरह ही प्रचार किया गया। कई प्रकार के नैरेटिव स्थापित करने का प्रयास किए गए। वामपंथी विचार के मीडिया ने ट्रम्प की राह में अवरोध पैदा करने के भरसक प्रयास किए।*

भारत को महाशक्ति के रूप में देखने लगे हैं। हमें स्मरण होगा कि रूस और यूक्रेन के मध्य युद्ध के दौरान भारत के नागरिक पूरे सम्मान के साथ भारत लौटे थे। उस समय भारत के नागरिकों के समक्ष यूक्रेन की सेना ने अपने हथियार नीचे कर लिए थे। यह केवल एक दृश्य नहीं, बल्कि भारत की शक्ति का ही परिचायक था। भारत की इस बढ़ती शक्ति से अमेरिका भी भली भांति परिचित है। रूस और यूक्रेन युद्ध के बारे में कई बार यह कहा जा चुका है कि भारत चाहे तो युद्ध रुकवा सकता है। इसका तात्पर्य यही है कि आज का भारत विश्व के लिए एक ताकत बन चुका है।

अमेरिका के इस चुनाव में भारत के लोकसभा चुनाव की तरह ही प्रचार किया गया। कई प्रकार के नैरेटिव स्थापित करने का प्रयास किए गए। वामपंथी विचार के मीडिया ने ट्रम्प की राह में अवरोध पैदा करने के भरसक प्रयास किए। यहां तक कि उनको सनकी और विलेन कहने में भी गुरेज नहीं किया गया। यही तो भारत में किया गया। वामपंथी समूह ने भारत के लोकसभा चुनावों में सरकार के विरोध में जहरीली भाषा का प्रयोग किया। फिर भी आखिरकार नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री पद पर आसीन हो गए। अब ऐसा लगने लगा है कि मतदाता बहुत समझदार हो गया है। उसको किसी भी प्रकार से भ्रमित नहीं किया जा सकता। उसे अब देश दुनिया की समझ हो गई है, इसलिए वह वर्तमान के साथ कदम मिलाकर चलने की ओर अग्रसर हुआ है।

विश्व के कई देश आज कई प्रकार की समस्याओं से जूझ रहे हैं। कोरोना के बाद कई देशों की आर्थिक स्थिति बिगड़ गई है, उसे पटरी पर लाने के लिए उस देश की सरकार की ओर से भरपूर प्रयास किए जा रहे हैं। इन समस्याओं में कई समस्याएं ऐसी हैं, जो सबके सामने हैं। आतंकवाद एक विकराल समस्या बनता जा रहा है। अमेरिका भी इससे ग्रसित है। रूस और यूक्रेन की बीच तनातनी कम नहीं हो रही। इजराइल और हमास के बीच युद्ध जैसे हालात हैं। अमेरिका में ट्रम्प के पुन: राष्ट्रपति बनने के बाद यह लग रहा है कि अब आतंक के सहारे भय का वातावरण बनाने वाले किसी भी कदम को पूरे जोश के साथ रोकने का प्रयास किया जाएगा।

अमेरिका में ट्रम्प की जीत से भारत के पड़ोसी देश यानि पाकिस्तान, चीन और बांग्लादेश में सुगबुगाहट प्रारम्भ हो गई है, क्योंकि यह देश भारत को हमेशा अस्थिर करने की फिराक में रहते हैं। हम वह वाकिया अभी तक भूले नहीं हैं, ?ब अमेरिका ने आतंक के विरोध में बड़ी कार्यवाही को अंजाम देते हुए ओसामा बिन लादेन को मौत के घाट उतार दिया था, हालांकि उस समय अमेरिका के राष्ट्रपति ओबामा थे, लेकिन आतंक के विरोध में ट्रम्प का भी वैसा ही रवैया माना जा सकता है। इसी प्रकार चीन के समक्ष भी स्थिति पैदा होती दिखाई दे रही है। हम जानते हैं कि अमेरिका हमेशा से ही पाकिस्तान से आतंक के विरोध में कार्यवाही करने के लिए कहता है, लेकिन जो देश आतंक के आकाओं के सहारे ही चल रहा हो, वह आतंक के विरोध में कैसे कार्यवाही कर सकता है। अब अमेरिका में ट्रम्प के पुन: आने के बाद इस बात की संभावना बढ़ गई है कि अब पाकिस्तान दिखावे के लिए ही सही, लेकिन आतंक के आकाओं के खिलाफ एक्शन लेगा।

**- सुरेश हिंदुस्तानी**
**वरिष्ठ पत्रकार**

# कानूनी दायरे में कैसे लाए जाएं चुनावी वायदे

चुनाव घोषणा पत्रों में किए वायदों को पूरा न कर पाने को लेकर सत्ता में आने वाला हर राजनीतिक दल मतदाताओं और विपक्षी दलों के निशाने पर रहा है। मतदाताओं की बढ़ती जागरूकता के चलते इन आलोचनाओं से बचने के लिए राजनीतिक दलों ने अब चुनाव घोषणा पत्र जारी करना बंद कर दिया है। 2012 के उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनावों में उतरी कांग्रेस ने राज्य के लिए विजन डाक्युमेंट जारी किया। इसके बाद सभी दलों ने चुनाव घोषणा पत्र के शीर्षक को तकरीबन त्याग दिया। अब भारतीय जनता पार्टी हर चुनाव के पहले संकल्प पत्र जारी करती है तो कांग्रेस अब गारंटियां देने लगी हैं। कर्नाटक विधानसभा चुनाव में पार्टी ने पांच गारंटी देने का वादा किया। जो उसके लिए बहुत हिट रहा। अब पार्टियां गारंटी देती हैं, दृष्टि पत्र प्रस्तुत करती हैं और संकल्प पत्र प्रस्तुत करती हैं। गारंटी और संकल्प जैसे शब्द एक तरह से गवाह हैं कि राजनीतिक दलों के वायदों को लेकर मतदाताओं का एक बड़ा अब आलोचनात्मक रूख ही नहीं रखता है, बल्कि उन पर भरोसा भी नहीं करता।

घोषणा पत्र भले ही अब गारंटी या दृष्टि या संकल्प पत्र में तबदील हो गए हों, लेकिन अब भी उनकी साख नहीं बन पाई है। इसकी वजह यह है कि कई बार राजनीतिक दल वोटरों को लुभाने के चक्कर में ऐसे भी वायदे कर डालते हैं, जिन्हें पूरा कर पाना उनके लिए संभव नहीं होता। राजनीतिक दल भी जानते हैं कि संकल्प, दृष्टि या गारंटी पत्र में दिए वायदों को शत-प्रतिशत पूरा करना संभव नहीं है और अगर वे करते भी हैं तो सरकारी अर्थव्यवस्था का चरमरा सकती है। फिर वे वायदे करते हैं या कह सकते हैं कि सत्ता के लक्ष्य को लेकर चलने वाली मौजूदा राजनीति की यह मजबूरी भी है।

चुनाव घोषणा पत्रों और आज के दृष्टि और संकल्प पत्रों में किए वायदों और उन्हें लागू किए जाने को लेकर ठोस शोध जरूरी है। लेकिन मोटे तौर पर इनमें दर्ज ज्यादातर वायदे पूरे हो ही नहीं पाते। इसलिए मतदाताओं के एक वर्ग अलग ढंग से सोचने लगा है। मतदाताओं के एक वर्ग का मानना है कि चाहे जिस भी फ्रेम में चुनाव घोषणा पत्र जारी हों, उन्हें उपभोक्ता कानून के दायरे में लाना चाहिए। जिस तरह किसी प्रोडक्ट का निर्माता अपने प्रोडक्ट को लेकर गारंटी या वारंटी देता है, और जब वे पूरे नहीं होते तो उसके प्रोडक्ट खरीदने वाले उत्पादक के खिलाफ उचित फोरम में जाकर शिकायत दर्ज करा सकते हैं, उसी तरह चुनावी घोषणा पत्रों को लेकर भी कानून होने चाहिए। इस वर्ग का मानना है कि एक फोरम ऐसा भी होना चाहिए, जिसे कानूनी ताकत हासिल हो और जो चुनावी वायदाखिलाफी की सुनवाई कर सके।

चुनाव घोषणा पत्रों की स्थिति संविधान के नीति निर्देशक तत्वों की तरह ही है। नीति निर्देशक तत्व राज्य से लोक हित के तमाम कदम उठाने को लेकर उम्मीद तो करता है, लेकिन राज्य के लिए ऐसा करना अनिवार्य नहीं बनाता। नीति निर्देशक तत्वों के तहत राज्य या सरकार कदम नहीं उठाती तो किसी को भी किसी भी अदालत में



इसकी शिकायत की ना तो अनुमति है और ना ही कोई अदालत ऐसी सुनवाई कर भी सकती है। चुनाव घोषणा पत्रों की भी कुछ ऐसी ही स्थिति है। हालांकि ऐसा नहीं है कि चुनाव घोषणा पत्रों को लेकर अदालतों के सामने सवाल नहीं उठे।

चुनाव घोषणा पत्र को लेकर दाखिल एक याचिका पर सुनवाई के बाद सुप्रीम कोर्ट ने 5 जुलाई 2013 को अपना फैसला सुनाया था। एस. सुब्रमण्यम बालाजी बनाम तमिलनाडु सरकार और अन्य के मामले में देश की सबसे बड़ी अदालत ने चुनाव आयोग को सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों की सलाह से चुनावी घोषणापत्र के संबंध में दिशा-निर्देश तैयार करने का निर्देश दिया था। इस फैसले में कोर्ट ने कहा था - चुनाव आयोग, राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों के बीच समान अवसर सुनिश्चित करने और यह देखने के लिए कि चुनाव प्रक्रिया की पवित्रता पर आंच ना आए, घोषणापत्र को लेकर निर्देश जारी करे। जैसे आयोग आदर्श आचार संहिता के निर्देश जारी करता है। आयोग के पास संविधान के अनुच्छेद 324 के तहत स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए ऐसे आदेश दे सकता है। अदालत को पता है कि सामान्यतया राजनीतिक दल मतदान के पहले चुनाव घोषणा पत्र जारी करते हैं, ऐसी स्थिति में चुनाव आयोग के पास किसी भी कार्य को रेगुलेट करने का अधिकार नहीं होता है। फिर भी, घोषणा पत्र को लेकर अपवाद बनाया जा सकता है, क्योंकि चुनावी घोषणापत्र का उद्देश्य सीधे चुनाव प्रक्रिया से जुड़ा होता है। इसके बाद चुनाव आयोग ने राजनीतिक दलों से विचार-विमर्श के बाद साल 2015 में चुनाव घोषणा पत्र को लेकर गाइड-लाइन जारी की थी। इसके अनुसार - चुनाव घोषणापत्र में संवैधानिक आदर्शों और सिद्धांतों से इतर कुछ भी नहीं होगा और यह आदर्श आचार संहिता के अन्य प्रावधानों की भावना के अनुरूप होगा। संविधान में निहित राज्य के नीति निर्देशक सिद्धांतों के तहत राज्यों को नागरिकों के लिए विभिन्न कल्याणकारी उपाय करने के आदेश हैं, इसलिए चुनावी घोषणा पत्रों में ऐसे कल्याणकारी उपायों के वायदे पर कोई आपत्ति नहीं हो सकती। हालांकि, राजनीतिक दलों को ऐसे वादे करने से बचना चाहिए, जिनसे चुनाव प्रक्रिया की शुचिता पर असर पड़ सकता है या मतदाताओं पर उनके मताधिकार का प्रयोग करने में अनुचित प्रभाव पड़ने की आशंका हो। पारदर्शिता, समान अवसर और वायदों की विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए अपेक्षा की जाती है कि घोषणापत्र में किए गए वादे स्पष्ट हों और इसे पूरा करने के लिए वित्तीय संसाधन कैसे जुटाए जाएंगे, इसकी भी जानकारी हो। मतदाताओं का भरोसा उन्हीं वादों पर हासिल करना चाहिए, जिन्हें पूरा किया जाना संभव हो।

दुर्भाग्यवश चुनाव आयोग की गाइड लाइन भी बहुत प्रभावी नहीं हो पा रही है। हवा-हवाई वायदे भी खूब किए जा रहे हैं। इनमें रोजगार और नौकरियों को लेकर की जाने वाले वायदे पहले नंबर पर हैं। कल्याणकारी योजनाएं भी इसी कैटेगरी में आती हैं। लेकिन बहुत कम राजनीतिक दल ऐसे हैं, जो कल्याणकारी योजनाओं से संबंधि वायदे करते वक्त उन्हें पूरा करने के लिए जुटाई जाने वाली रकम और उनके स्रोत और तरीकों की जानकारी नहीं देते। मतदाताओं की बढ़ती जागरूकता का दबाव ही है कि कल्याणकारी योजनाओं को लेकर वायदे खूब हो रहे और हर राजनीतिक दल अपने ढंग से लागू भी कर रहा है। भले ही राज्य के खजाने की हालत खस्ता ही क्यों ना हो जाए। लेकिन यह भी सच है कि उस पर खर्च होने वाले फंड के स्रोत को लेकर जानकारी नहीं दी जा रही। साफ है कि चुनाव आयोग की गाइड लाइन इस संदर्भ में नाकाम लग रही है।

मौजूदा आर्थिकी में लाभ पर जोर है, रोजगार का सवाल लगातार पीछे छूटता जा रहा है। इसे उलटबांसी ही कहेंगे कि राजनीतिक दल इसी आर्थिकी को आगे बढ़ाने के साथ ही हवाई वायदों की फेहरिस्त भी जारी करते रहते हैं। चूंकि वोटरों के हाथ बंधे हुए हैं, इसलिए वे भी सवाल उठाने से ज्यादा कुछ नहीं कर सकते।

यहां पर याद आता है, संविधानसभा के सदस्य अनंत शयनम अयंगार के वे शब्द, जो उन्होंने नीति निर्देशक तत्वों पर अदालती चाबुक के तर्क के विरोध में दिया था। तब उन्होंने जनता की ताकत पर भरोसा जताते हुए कहा था कि पांच साल में एक बार जब चुनाव होंगे, तब मतदाताओं के लिए यह विकल्प होगा कि वे उन्हीं लोगों को न चुनें जो जनता की राय से अलग हैं। लेकिन क्या ऐसा हो पा रहा है? निश्चित तौर पर इसका जवाब ना में है। ऐसे में सवाल उठता है कि फिर हवाई वायदे ना हों और जो किए जाएं, उन्हें लागू कैसे किया जाए? निश्चित तौर पर इसके लिए एक बार फिर सुप्रीम कोर्ट और चुनाव आयोग को भी आगे आना होगा। मौजूदा राजनीतिक व्यवस्था इस आत्म नियंत्रण करने से रही। चूंकि वायदों में ही सबका फायदा है, इसलिए कोई भी दल बिल्ली के गले घंटी बांधने के लिए आगे आने की हिम्मत नहीं दिखा पाएगा।

**-उमेश चतुर्वेदी**
(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तम्भकार हैं)

## राशिफल

मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष : सप्तमी | (विक्रम संवत् 2081)

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
मन आनंदित रहेगा। प्रेम में लिप्त रहेंगे। संबंधों में लिप्त रहेंगे। नौकरी चाकरी की स्थिति बहुत अच्छी रहेगी।

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
शत्रु स्वयं नतमस्तक होंगे। बुजुर्गों का आशीर्वाद मिलेगा। गुण-ज्ञान की प्राप्ति होगी। स्वास्थ्य थोड़ा ऊपर-नीचे रहेगा।

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)**
नव प्रेम का आगमन होगा। बच्चों की स्थिति में सुधार। प्रेम में बहुत अपनापन। विद्यार्थियों के लिए बहुत अच्छा समय।

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
लग्जरीपूर्ण जीवन रहेगा। भूमि, भवन वाहन की खरीदारी संभव है। घर में कुछ उत्सव संभव है।

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
पराक्रम रंग लाएगा। अपनों का साथ होगा। व्यावसायिक सफलता मिलेगा। स्वास्थ्य अच्छा है। प्रेम, संतान का साथ।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
धन का आवक बढ़ेगा। कुटुंबों में वृद्धि होगी। मन प्रफुल्लित रहेगा। अच्छे भोजन का रसास्वादन करेंगे।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
समाज में आपका कद बढ़ेगा। समाज में आप सराहे जाएंगे। जरूरत के हिसाब से जीवन में वस्तुएं उपलब्ध होंगी।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
खर्च की अधिकता रहेगी लेकिन आभूषण, फैशन व जेवर इत्यादि में खर्चे होंगे। स्वास्थ्य थोड़ा मध्यम।

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)**
धन आगमन होगा। कुटुंबों में वृद्धि होगी। यात्रा में लाभ होगा। रुका हुआ धन वापस मिलेगा। शुभ समाचार की प्राप्ति होगी।

**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
व्यापारिक स्थिति दूर-दूर तक पहुंचेगी। कोर्ट-कचहरी में विजय मिलेगी। उच्चाधिकारियों का आशीर्वाद मिलेगा।

**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
भाग्यवश कुछ काम बनेंगे। कार्यों की विघ्न बाधा खत्म होगी। स्वास्थ्य अच्छा, प्रेम-संतान अच्छा, व्यापार बहुत अच्छा।

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
आज आप अपने ईष्टदेव को स्मरण कर कार्य करें। सभी कार्य पूर्ण होंगे। समय उत्तम चल रहा है।

# विधायक ने टैबलेट्स किये वितरित

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** टेबलेट वितरण समारोह में जेवर विधायक ने कहा कि मेडिकल के छात्र-छात्राएं डिजिटाइज़ेशन मोड आएं और चिकित्सीय पद्धति के ज्ञान को आगे बढ़ाएं। स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना अंतर्गत जेवर के विधायक धीरेंद्र सिंह ने राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान ऑफ मेडिकल साइंस के एमबीबीएस, नर्सिंग और पैरामेडिकल के छात्र-छात्राओं को टैबलेट्स वितरित किए। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर और पूजा अर्चना के साथ किया गया। इसके बाद टेबलेट्स का वितरण किया गया।



जेवर के विधायक धीरेन्द्र सिंह ने उपस्थित बच्चों को संबोधित करते हुए आगे कहा कि डिजिटल इंडिया को सशक्त बनाने में उत्तर प्रदेश सरकार ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में अपनी एक अलग पहचान बनाई है तथा मेडिकल स्टूडेंट्स के लिए डिजिटल मोड बेहतर प्लेटफार्म है, जो चिकित्सीय ज्ञान को एक नया आयाम देता है।

जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह ने आगे कहा कि मेडिकल की पढ़ाई में डिजिटल के माध्यम से मिलने वाली जानकारियां अधिक से अधिक हासिल करें तथा टैबलेट्स के माध्यम से नए-नए शोध कार्य करने का भी प्रयास करें।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जेवर के विधायक धीरेंद्र सिंह ने बच्चों से कहा कि चिकित्सीय पद्धतियों को बेहतर बनाने के लिए डिजिटाइजेशन बहुत जरूरी है। इस मौके पर मैं एमबीबीएस, नर्सिंग और पैरामेडिकल के छात्र-छात्राओं को टैबलेट मिलने के अवसर पर बधाई देता हूं।

इस मौके पर डायरेक्टर डा0 सौरभ श्रीवास्तव, निदेशक डा0 रम्भा पाठक, संकायाध्यक्ष (एकेडमिक), डा0 रंजना वर्मा, संकायाध्यक्ष (परीक्षा), डा0 मनीषा सिंह, संकायाध्यक्ष (गुणवत्ता), डा0 सतेन्द्र कुमार, संकायाध्यक्ष (छात्र कल्याण), डा0 पी0एस0 मित्तल, संकायाध्यक्ष (कार्य), डा0 अनुराग श्रीवास्तव, संकायाध्यक्ष (प्रशासन), डा0 शिवानी कल्हन, विभागाध्यक्ष एवं आचार्य, पैथोलॉजी, डा0 भारती भण्डारी, विभागाध्यक्ष एवं आचार्य, फिजियोलॉजी, डा0 सी0डी0 त्रिपाठी, आचार्य एवं विभागाध्क्ष, फार्माकोलॉजी, डा0 आइजेन भटटाचार्य, आचार्य, बायोकैमिस्ट्री, डा0 नीतू भदौरिया, प्रधानाचार्या, नर्सिंग कॉलेज, डा0 अंजू रानी, सह आचार्य, फोरेन्सिक मेडिसिन आदि मौजूद रहे।

# महापंचायत को लेकर दनकौर में हुई बैठक



**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** आगामी 25 नवंबर को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण पर होने वाली संयुक्त किसान मोर्चा की महापंचायत की सफलता को लेकर कल दनकौर में भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के पदाधिकारी की एक बैठक हुई। बैठक में महापंचायत की सफलता को लेकर रणनीति बनाई गई बैठक की अध्यक्षता भारतीय किसान यूनियन के पश्चिमी प्रदेश अध्यक्ष पवन खटाना ने किया। इस अवसर पर भारी संख्या में यूनियन के कार्यकर्ता एवं किसान मौजूद रहे।

## राकेश टिकैत भी होंगे शामिल

बैठक को संबोधित करते हुए पश्चिम प्रदेश के अध्यक्ष पवन खटाना ने कहा कि आगामी 25 नवंबर को होने वाली ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण महा पंचायत ऐतिहासिक होगी। उन्होंने कहा कि 25 नवंबर को होने वाली महापंचायत में संगठन के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकट भी शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि अबकी बार आर-पार की लड़ाई हम लड़ने जा रहे हैं। इसमें सभी की एक एकजुटता नितांत जरूरी है।

पवन खटाना ने कहा कि ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अधिकारी किसानों की समस्याओं को नजर अंदाज करते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि किसानों की बात सुनने की बजाय उनके साथ दुर्व्यवहार किया जाता है। उन्होंने कहा कि 25 नवंबर को होने वाली महापंचायत में भारी संख्या में किसान ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण पर जुटेंगे।

# सुखबीर सिंह आर्य धन सिंह कोतवाल संस्थान के निदेशक मनोनीत

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** तिलपता ग्रामवासी समाज के वरिष्ठ समाजसेवी सुखबीर सिंह आर्य शाहिद धन सिंह कोतवाल शोध संस्थान मेरठ के निदेशक डायरेक्टर बनाए गए हैं।



सुखबीर सिंह आर्य से बात हुई उन्होंने बताया जो मुझे जिम्मेदारी दी गई है मैं उसका निष्ठा भाव से निर्वहन करुंगा। मैं समस्त समाज का और क्रांतिकारी शाहिद धन सिंह कोतवाल शोध संस्थान मेरठ के समस्त पदाधिकारी एवं समस्त समाज के सरदारों का दिल की गहराइयों से आभार प्रकट करता हूं और विश्वास दिलाता हूं कि जो मुझे जिम्मेदारी दी है मैं उस पर हमेशा धन सिंह कोतवाल जी के पद चिह्नों पर चलकर अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करुंगा।

सुखवीर सिंह आर्य जी का अखिल भारतीय गुर्जर महासभा के प्रदेश मंत्री एवं मीडिया प्रभारी उत्तर प्रदेश अमरजीत चौधरी, अशोक भाटी जिला अध्यक्ष भारतीय किसान यूनियन टिकट, कैप्टन पंचशील गुर्जर जिला अध्यक्ष अखिल भारतीय गुर्जर महासभा गौतम बुद्ध नगर, बबलू गुर्जर प्रदेश मंत्री एवं जिला प्रभारी गौतमबुधनगर अखिल भारतीय गुर्जर महासभा व क्षेत्र के सम्मानित लोगों ने कई जगहों पर पगड़ी वह फूल माला पहनकर स्वागत किया।

# विधायक ने सुनी सेक्टर-51 की समस्याएं

**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा विधानसभा क्षेत्र से विधायक पंकज सिंह व उपाध्यक्ष भाजपा उत्तर प्रदेश



ने भूपेंद्र सिंह, करतार सिंह चौहान, धर्मेंद्र चौहान, पंकज झा के साथ सेक्टर-51 महासचिव और डीडी आरडब्लूए वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजीव कुमार के निवास स्थान पर पहुंचकर सेक्टर-51 के निवासी, आरडब्लूए 51 की टीम और डीडी आरडब्ल्यूए की टीम के साथ सेक्टर की समस्याओं पर चर्चा की।

आरडब्ल्यूए ने विधायक को सेक्टर में वेंडर एंक्रोचमेंट को सेक्टर के एंट्रेंस से हटवाने, सेक्टर-51 की नालियों को और बड़े नालों को सफाई, सेक्टर में इंटरलॉकिंग टाइल्स लगवाने, हॉर्टिकल्चर विभाग द्वारा पार्कों की दुर्दशा के विषय में जानकारी दी गई और बताया गया कि पिछले 4 महीना से पार्कों का टेंडर नहीं हुआ है जिसके कारण पार्क की घास और पेड़ पौधे सूख चुके हैं। सेक्टर के रेजिडेंशियल एरिया में कमर्शियल वाहनों के पार्किंग से होने वाली समस्या। पानी की गुणवत्ता सुधारने पर चर्चा की।

इस मौके पर सेक्टर-51 आरडब्ल्यू अध्यक्ष अनिल प्रकाश, उपाध्यक्ष पवन कुमार शर्मा, महासचिव संजीव कुमार, डीडीआरडब्लूए एडवाइजर राजीव कुमार, उपाध्यक्ष अनिल खन्ना और जॉइंट ट्रेजर महिपाल सिंह, आरडब्ल्यू 51 ट्रेजर एमजी अग्रवाल, जॉइंट सेक्रेटरी ए के सरीन, सौरव जैन, अरविंद सिंह, दिनेश शर्मा, डी के शुक्ला, श्रीनिवासुलू, श्रीमती वनिता सपोरी, पंडित विवेकानंद दास, आर रन वार्ष्णेय, अर्पित रन्होत्रा, डीके चौबे इत्यादि मौजूद रहे।


**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य परियोजना प्रबन्धक/गतिशक्ति/पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित करते है।

**क्र.सं.1: ई-निविदा सं: CPM-GS-IZN-2024-11 कार्य का नाम:** पूर्वोत्तर रेलवे के इज्जतनगर मण्डल में छतरपुर स्टेशन (रूद्रपुर, उत्तराखण्ड) पर गुड्स शेड प्लेटफार्म का निर्माण एवं सम्बन्धित सिविल कार्य। **अनुमनित निविदा मुल्य:** ₹ 15,06,57,626.59 **बयाना राशि:** ₹ 9,03,300.00 **निविदा प्रपत्र का मुल्य(रू):** निल, **कार्य पूर्ण करने की अवधि:** 10 (दस) माह।

बिडिंग प्रारम्भ करने की तिथि: 28.11.2024, उपरोक्त ई- निविदा सबमिसन की अन्तिम तिथि- दिनांक 12.12.2024, 15.00 बजे तक, उपरोक्त ई-निविदा खुलने की तिथि दिनांक 12.12.2024, 15.30 बजे, निविदा सूचना, योग्यता मापदण्ड नियम एवं शर्तें वेबसाइट **https://ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है। निविदा में यदि हिन्दी या अंग्रजी के आलेखों में कोई भिन्नता होती है तो अंग्रेजी के ही आलेख मान्य होगें।

**उप मुख्य इंजीनियर/गति शक्ति/ मुजाधि/डब्लू-310 इज्जतनगर**

**गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।**



**नौएडा**

**नवीन ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण**

मुख्य प्रशासनिक भवन, सैक्टर-6, नौएडा, गौतमबुद्ध नगर (उ.प्र.)

Website: www.noidaauthorityonline.in

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

अर्ह निविदाकारों से निम्न जॉब हेतु ई-निविदायें आमंत्रित की जाती है, जिन्हें निम्नानुसार तिथियों तक अपलोड किया जा सकता है एवं प्राप्त ई-निविदाओं को उनके सम्मुख दर्शायी गई तिथियों पर खोला जाएगा। निविदा संबन्ध में समस्त विवरण व शर्ते नौएडा प्राधिकरण की अधिकारिक **website: www.noidaathorityonline.in & https://etender.up.nic.in.** पर उपलब्ध है। किसी परिवर्तन, संशोधित एवं अतिरिक्त सूचनाओं के लिए उक्त वेबसाइट देखते रहें।

**ए) फ्रेस-टेण्डर कार्य:-**

| क्र. सं. | जॉब संख्या | कार्य का नाम | निविदा की धनराशि (रू० लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1. | 19/उ.म.प्र./व०प्र० (व.स.-10)/ई०नि०/2024-25 | सैक्टर-151 व 155 के मध्य सड़क पर निर्मित सैन्ट्रल वर्ज व फुटपाथ की सामान्य मरम्मत व रंगाई पुताई का कार्य, नौएडा। | 9.77 |

उपरोक्त निविदा को दिनांक 05.12.2024 सायं 5.00 बजे तक अपलोड किया जा सकता है। प्राप्त ई-निविदाओं की प्री-क्वालिफिकेशन दिनांक 06.12.2024 को 11.00 बजे खोली जायेगी।

**बी) अल्पकालीन-टेण्डर कार्य:-**

| क्र. सं. | जॉब संख्या | कार्य का नाम | निविदा की धनराशि (रू० लाख में) |
|---|---|---|---|
| 2. | 30/उ.म.प्र./व०प्र० (व.स.-1)/2024-25 | एम/ओ रोड (एमपी-1 रोड पर शाहदरा ड्रेन ब्रिज सेक्टर-16 और 17 की तरफ कांस्य रंग के एल्यूमीनियम पैनल का सौंदर्यीकरण और स्थापना), नोएडा। | 20.80 |

उपरोक्त निविदा को दिनांक 28.11.2024 सायं 5.00 बजे तक अपलोड किया जा सकता है। प्राप्त ई-निविदाओं की प्री-क्वालिफिकेशन दिनांक 29.11.2024 को 11.00 बजे खोली जायेगी।

"महत्वपूर्ण सूचना- नवीन ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण के अधिसूचित क्षेत्र में शासन से स्वीकृत मास्टर प्लान एवं उत्तर प्रदेश औद्योगिक क्षेत्र विकास अधिनियम, 1976 के विपरीत प्लॉटिंग या किसी भी प्रकार का अन्य निर्माण पूरी तरह अवैध है। जनसामान्य को आगाह किया जाता है कि इस प्रकार की अवैध कॉलोनियों एवं अवैध निर्मित भवनों में भूखण्डों/अपार्टमेंट/दुकान/गोडाऊन/फार्महाउस की खरीद-फरोख्त से पूर्णतः सचेत रहें तथा कॉलोनाईजर के लुभावने एवं भ्रामक विज्ञापनों से बचे। साथ ही नौएडा अधिसूचित क्षेत्र के हिण्डन एवं यमुना नदियों के डूब क्षेत्र **(Flood Plain Zone)** में अनधिकृत/अवैध प्लॉट एवं फार्म हाऊसों के कारोबार में संलिप्त भूमाफियाओं के चंगुल में न फंसे।"

**उप महाप्रबन्धक (सिविल)**
**नौएडा**

**स्वच्छ, हरित, सकुशल, सुरक्षित नौएडा**



**पूर्वोत्तर रेलवे**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/टी.आर.एस./पूर्वोत्तर रेलवे, लोको शेड, गोण्डा द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु खुली ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

**निविदा सूचना संख्या एवं कार्य का नाम: निविदा सूचना संख्या:** LS-GD-2024-Modify-CBC, आरडीएसओ संशोधन के अनुसार सीबीसी कपलर ऑपरेटिंग हैंडल को बॉटम से टॉप आपरेटेड का संशोधन। अनुमानित लागत (रु.में) : ₹7,90,825.86, अग्रिम धनराशि (रू.में): ₹ 15,800.00, निविदा की अवधि: 24 माह।

**निविदा सूचना संख्या एवं कार्य का नाम: निविदा सूचना संख्या:** LS-GD-2024-Repair-Cab_AC, छोटे और बड़े शेड्यूल के दौरान गोंडा एवं गोरखपुर शेड के लोको की छत पर लगे कैब एसी की मरम्मत और रखरखाव 02 वर्षों के लिए। अनुमानित लागत (रु.में): ₹56,63,966.14, अग्रिम धनराशि (रू.में): ₹ 1,13,300.00, निविदा की अवधि: 24 माह।

ऑफर अपलोड करने की अंतिम तिथि एवं समय 13.12.2024, 15.00 बजें। इस निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी, न्यूनतम अर्हताये तथा नियम एवं शर्तें रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकार ई-निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई-निविदा से सम्बधित शुद्धिपत्र (यदि कोई हो) को वेबसाईट पर संज्ञान में लेना सुनिश्चित करें।

**समंविइं/टीआरएस, लोको शेड, मुजाधि/विद्युत-177 गोण्डा**

**गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।**


## पृष्ठ एक के शेष....

**उप्र में बिना खोट के.....**

पहले यूपी में भर्ती निकलती थी और महाभारत के रिश्ते टपक पड़ते थे। हमने कहा कि भर्ती में किसी के साथ ही भेदभाव नहीं कया जाएगा। इसका परिणाम अब दिख रहा है। अभी कल (बृहस्पतिवार को) ही पुलिस भर्ती की लिखित परीक्षा का परिणाम जारी हुआ है। आगे के प्रक्रिया पूरी करने के बाद 60 हजार पदों पर पुलिस की भर्ती की जाएगी जिसमें 20 प्रतिशत संख्या महिलाकर्मियों की होगी। हमने बीते साढ़े सात वर्षों में पारदर्शी और शुचितापूर्ण भर्ती की। जब भर्ती इतनी पारदर्शी और शुचिता के साथ सम्पन्न हो रही है तो राज्य की भी अपेक्षाएं आपसे हैं।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि आमतौर पर होता है कि सरकारी कर्मचारी जनता से दूरी बना लेते हैं। वो जनता से संवाद नहीं करते हैं पर जनता से संवाद कर लोगों को जागरुक करने की आवश्यकता है। लोगों को बताएं कि प्लास्टिक का प्रयोग न करें। लोग प्लास्टिक का उपयोग करके उसे खेतों में और अलग-अलग जगह फेंक देते हैं जिसका दुष्परिणाम पर्यावरण के क्षय के रूप में आम जनता को ही भुगतना पड़ता है। आप सभी मिलकर जनता को जागरुक करें और अपने विभाग को सर्वोत्तम बनाएं।

**मासूम बच्चों की हत्या....**

दोनों की हत्या करने के बाद वह खुद आत्महत्या करना चाह रही थी। इसी बीच लोगों को पता चल गया तथा पुलिस को सूचना दे दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला को गिरफ्तार कर लिया है। बच्चों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

पुलिस पूछताछ के दौरान महिला ने बताया कि उसने अपने घर वालों की विपरीत जाकर पहले साहिल नामक युवक से शादी कर ली थी। साहिल से दो बच्चे पैदा हुए। जिससे एक चार वर्षीय बेटा और 6 वर्षीय बेटी है। साहिल कुछ दिन बाद एक हत्या के मामले में जेल चला गया था। महिला ने उसे छोड़ दिया तथा सोनू नामक एक युवक के साथ खेड़ा धर्मपुर गांव में रहने लगी। सोनू से उसका एक बेटा पैदा हुआ है।

इसी बीच साहिल जेल से छूट गया तथा वह जेल से बाहर आने के बाद महिला से कहने लगा कि वह उसके साथ रहे। इस बात से महिला परेशान हो गई। उसने अपने पहले पति साहिल के दोनों बच्चों की गला दबाकर हत्या कर दी तथा खुद आत्महत्या करना चाह रही थी। महिला ने बताया कि वह अपने तीसरे बच्चे की इस लिए हत्या नहीं करना चाह रही थी ,की उसका दूसरा पति सोनू उसे पाल लेगा। महिला को डर था कि अगर वह साहिल के साथ नहीं गई तो वह उसकी और उसके बच्चों की तथा उसके दूसरे पति की हत्या कर देगा। आरोपी महिला को न्यायालय में पेश किया जा रहा है।

**नोएडा में दो जगह....**

पुलिस और बदमाशों के बीच हुई दूसरी मुठभेड़ थाना फेस टू इलाके में हुई, जहां पुलिस वाहनों की चेकिंग कर रही थी इसी दौरान सीएनजी पेट्रोल पंप के पास जांच के दौरान पुलिस ने बाइक सवार संदिग्ध दो लोगों को रोकने की कोशिश की तो, वह सर्विस रोड से फेस-2 की तरह भागने लगे। इसी दौरान उनकी मोटरसाइकिल फिसल जाने के कारण दोनों गिर गए और पुलिस टीम पर फायर कर भागने का प्रयास करने लगे। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में सुमित नाम के बदमाश के पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया, जबकि उसके साथी विनोद को भागने का प्रयास करते हुए पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सुमित को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस ने सुमित के कब्जे से बिना नंबर प्लेट की पैशन मोटरसाइकिल, तमंचा कारतूस और बदमाश विनोद के कब्जे से चाकू बरामद हुआ है।

**दिल्ली-नोएडा की हवा....**

राजधानी दिल्ली में शुक्रवार सुबह भी हल्का कोहरा देखा गया। मौसम थोड़ा साफ होने की वजह से वाहनों को हाईवे पर ज्यादा परेशानी नहीं हुई।

दिल्ली-एनसीआर में हवा 'जहरीली' होने से लोगों को सांस लेने में दिक्कत व गले में खराश जैसी परेशानी से जूझना पड़ रहा है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के मुताबिक, रविवार तक कमोबेश यही स्थिति रहने की आशंका है। ऐसे में एक्यूआई 300 के पार ही बना रहेगा। डिसिजन स्पोर्ट सिस्टम (डीएसएस) के मुताबिक हवा में परिवहन से होने वाले प्रदूषण की हिस्सेदारी 17.757 फीसदी, कूड़ा जलने से 1.621 फीसदी व पराली के धुएं की हिस्सेदारी 17.372 फीसदी रही।

**संभल में नमाज को....**

मस्जिद के इमाम ने लोगों से अपने इलाकों में स्थित मस्जिद में नमाज पढ़ने की अपील की।

मस्जिद के आसपास पुलिस, पीएसी और आरआरएफ की और ज्यादा तैनाती कर दी है। सथ ही मस्जिद जाने वाले दो रास्ते बांस-बल्ली लगाकर बंद कर दिए हैं। मंगलवार की शाम को न्यायालय के आदेश पर कोर्ट कमिश्नर सर्वे के लिए जामा मस्जिद पहुंचे थे। इसके बाद से मस्जिद के आसपास सतर्कता बढ़ा दी गई है। संभल और असमोली सर्किल के थानों की फोर्स की ड्यूटी लगा दी है। इसके अलावा एक कंपनी पीएसी और एक कंपनी आरआरएफ की तैनात की है।

**रॉयल एनफील्ड लूटने....**

बताया जा रहा है कि थाना अंकुर विहार पुलिस टीम द्वारा खन्ना नगर अण्डरपास पर चेकिंग की जा रही थी, इस दौरान रॉयल एनफील्ड हंटर सवार 02 व्यक्ति सामने से आ रहे थे। जब पुलिस ने दोनों को रुकने का इशारा किया तो वो पुलिस पार्टी पर फायरिंग कर भागने लगे। ऐसे में पुलिस ने बिना देर किए उनका पीछा करते हुए उन्हें घेर लिया। इसके बावजूद आरोपी पुलिस पर फायरिंग करने लगे। जिसके बाद पुलिस ने जवाबी कार्रवाई करते हुए एक बदमाश को घायल कर दिया।

पुलिस पूछताछ में बदमाशों ने अपने नाम शान मोहम्मद उर्फ अमन पुत्र आस मोहम्मद, (24 वर्ष) बताया तथा दूसरे बदमाश ने अपना नाम फैसल उर्फ रेहान (25 वर्ष) बताया।







**कार्यालय-नगर पालिका परिषद, दादरी, जनपद-गौतमबुद्धनगर**

**पत्रांक : 2010/न0पा0परि0दा0/अ0अ0ई0नि0सू0/2024-25** **दिनांक : 21.11.24**

**अति अल्पकालीन ई-निविदा सूचना**

नगर पालिका परिषद दादरी जनपद गौतमबुद्धनगर क्षेत्र भें बोर्ड फण्ड राज्य वित्त आयोग / कान्हा गौशाला फण्ड के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से अस्थायी गौशाला में भूसा, हरा-चारा, चोकर, खली व गुड़ आपूर्ति कार्य, हेतु फर्मों /ठेकेदार/ आपूर्तिकर्ताओं से ई-निविदा के माध्यम से दरें आमंत्रित की जाती है। इस हेतु ई-निविदा दिनाँक : 22.11.2024 से दिनाँक: 29.11.2024 तक ऑनलाइन वेबसाइट https://www.etender.up.nic.in पर प्रात: 10:00 बजे से सांय 05:00 बजे तक डाउनलोड कर अपलोड की जा सकती हैं। ई-निविदा के सम्बन्ध में निविदादाता कायलिय समय में किसी भी कार्य दिवस में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। उक्त कार्यों की ई-निविदा दिनाँक: 30.11.2024 को अपराहन 12:00 बजे खोली जायेगी, जिसे सम्बन्धित वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर देखा जा है।

किसी भी ई-निविदा को स्वीकार एवं अस्वीकार करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा। निविदा शुल्क एवं जमानत धनराशि आर0टी0जी0एस0 के माध्यम से नगर पालिका परिषद दादरी के खाता संख्या : 50100065525653 एच0डी0एफ00सी0 बैंक, शाखा दादरी IFC Code- HDFC0000927 में करायी जायेगी, जिसकी कॉपी सम्बन्धित ठेकेदारों द्वारा टेण्डर अपलोड करते समय अपलोड की जायेगी। बिना धरोहर धनराशि के निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। कार्य से सम्बन्धित नियम व शर्ते कार्यालय नगर पालिका परिषद दादरी में किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में देखा जा सकता हैं ।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | धरोहर धन राशि | निविदा प्रपत्र शुल्क + 18 प्रतिशत GST | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | नगर पालिका परिषद, दादरी क्षेत्रांतर्गत गौवंशों के भरण पोषण हेतु अस्थाई गौशाला में हरा-चारा, चोकर, खल, भूसा व गुड़ आपूर्ति कार्य। | आईटम दरों के आधार पर | 50,000.00 | 1,180.00 | एक वर्ष |

| उमेश शर्मा | जयपाल सिंह | शालिनी गुप्ता | गीता शर्मा |
|---|---|---|---|
| लिपिक लेखा विभाग | अवर अभियन्ता (सिविल) | अधिशासी अधिकारी | अध्यक्ष |
| नगर पालिका परिषद, दादरी (गौतमबुद्धनगर) | नगर पालिका परिषद, दादरी (गौतमबुद्धनगर | नगर पालिका परिषद, दादरी (गौतमबुद्धनगर) | नगर पालिका परिषद, दादरी (गौतमबुद्धनगर) |



**दैनिक चेतना मंच**

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी (मेंहदीपुर) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर (यू पी.) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया। संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी

Contact: 0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340

E-mail: chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com

## खास खबर

### बैंक से 13 करोड़ से ज्यादा के जेवर की चोरी

**नई दिल्ली।** तेलंगाना के वारंगल जिले में एक सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक से 13.6 करोड़ रुपए कीमत के 19 किलोग्राम से ज्यादा सोने के ज्वेलरी चोरी हो गई। पुलिस ने बताया कि चोर गैस कटर से खिड़की काटकर बैंक में घुसे और तिजोरी से करीब 19.5 किलोग्राम वजन के सोने के आभूषण चुराकर चंपत हो गए। बैंक कर्मचारियों इसकी सूचना मंगलवार को लगी तब उन्होंने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद मामला सामने आया। इस घटना से क्षेत्र के लोगों में दहशत है और चोरी के डर से उनकी नींद हराम हो गई है। पुलिस ने बताया कि सीसीटीवी कैमरा क्षतिग्रस्त पाया गया और चोर बैंक से डीवीआर भी अपने साथ ले गए। पुलिस ने चोरों को पकड़ने के लिए चार टीमें बनाई हैं. आगे की जांच जारी है। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी का पता लगा रही ताकि किसी कैमरे में चोरों की तस्वीर आ सके।

### मां ने मासूम बच्चे को बेचने का किया प्रयास

**जोहान्सबर्ग** । साउथ अफ्रीका में एक महिला ने फेसबुक मार्केटप्लेस पर अपने 8 महीने के मासूम बच्चे को बेचने का प्रयास किया। महिला ने काम आर्थिक तंगी के चलते किया। महिला के इस कदम की हर तरफ आलोचना हो रही है। इस महिला ने अपने बच्चे को एक अज्ञात महिला के हाथों सौंप दिया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक महिला ने फेसबुक पर विज्ञापन देकर बच्चे को बेचने की पेशकश की। उसने एक अन्य महिला के साथ नंबरों की अदला-बदली की और दोनों सोशांगुवे प्लाजा में मिले। वहां उसने अपने मासूम को सौंप दिया। सौदा यह था कि खरीदार महिला हर महीने लगभग रुपए 4600 देगी, जब तक कि बेचने वाली महिला आर्थिक रूप से सक्षम नहीं हो जाती। लेकिन खरीदार ने पैसे नहीं दिए और गायब हो गई। गुआटेंग पुलिस प्रवक्ता कैप्टन टिंट्सवालो के अनुसार, महिला को 19 अक्टूबर को बाल तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया गया था और 21 अक्टूबर को गा-रंकुवा मजिस्ट्रेट कोर्ट में पेश किया गया। मामले की अगली सुनवाई फरवरी 2025 में होगी। गिरफ्तारी के बाद महिला ने अपने कृत्य पर अफसोस जताया।

### मलयालम अभिनेता मेघनाथन का निधन

**कोझिकोड।** प्रसिद्ध मलयालम फिल्म अभिनेता एवं टेलीविजन धारावाहिक कलाकार मेघनाथन का 60 साल की उम्र में गुरुवार को निधन हो गया। उनके परिवार में उनकी पत्नी सुस्मिता और एक बेटी पार्वती हैं। फेफड़ों से संबंधित बीमारी के उपचार के लिए वह कोझिकोड में एक निजी अस्पताल में भर्ती थे। पार्थिव शरीर को शोरनूर के निकट वडानमकुरुस्सी स्थित उनके घर पर दोपहर तक रखा जायेगा, ताकि उनके मित्रों, रिश्तेदारों तथा समाज के सभी वर्गों के लोगों को अंतिम दर्शन मिल सकें और शाम को उनके घर पर ही अंतिम संस्कार किया जायेगा। प्रसिद्ध फिल्म अभिनेता बालन के नायर और शारदा नायर के तीसरे बेटे मेघनाथन की पहली फिल्म 1983 में पी एन मेनन द्वारा निर्देशित आश्रम थी। उन्होंने 49 वर्षों के अंतराल में 50 से अधिक फिल्मों में अभिनय किया, जिसमें तमिल सिनेमा भी शामिल है।

# प्रदूषण का कहर: दिल्ली सहित कई राज्यों में स्कूल बंद

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्राकृतिक आपदाओं के अलावा अब मानव निर्मित आपदा(प्रदूषण) ने कहर बरपाना शुरू कर दिया है। यूपी, हरियाणा, राजस्थान सहित कई राज्यों में सांस लेना मुश्किल हो गया है। दिल्ली के स्कूल और यूनिवर्सिटी बंद कर दिए गए। यहां पर 23 नवंबर तक ऑनलाइन क्लासेज चलेंगी। इसी तरह यूपी के 6 जिलों में भी वायु प्रदूषण के कारण स्कूल बंद कर दिए गए हैं। दिल्ली से सटे नोएडा, गाजियाबाद, मेरठ आदि जिलों के 12वीं तक के स्कूल पहले ही बंद करने के आदेश दिए गए थे। अब वायु प्रदूषण के कारण उत्तर प्रदेश के हापुड़, बुलंदशहर, बागपत आदि जिलों के भी स्कूल बंद करने के आदेश जारी किए गए हैं। यहां भी प्रशासन ने एहतियातन



इंटरमीडिएट तक के स्कूल और कॉलेज आगामी आदेश तक बंद रखने को कहा है। उत्तर प्रदेश के इन जिलों में एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) काफी बढ़ गया है। गाजियाबाद में एक्यूआई 367, मेरठ का 248, बुलंदशहर का 322, और बागपत का 187 है, जबकि सबसे अधिक एक्यूआई हापुड़ का है। यहां यह इंडेक्स 519 तक पहुंच गया है, जिसके कारण यहां के स्कूलों को बंद रखने के आदेश जारी किए गए हैं। दिल्ली से सटे हरियाणा के गुरुग्राम, फरीदाबाद आदि जिलों के स्कूल तो पहले ही बंद रखने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन इसके अलावा भी कई जिलों में स्कूलों को बंद रखने के आदेश हैं। हरियाणा के रेवाड़ी के जिलाधिकारी अभिषेक मीणा ने प्रदूषण के कारण 12वीं तक की कक्षाएं न लगाने के आदेश जारी किए हैं। जिले के सभी सरकारी और निजी स्कूल 23 नवंबर तक बंद रहेंगे। भिवानी जिले के डीसी महाबीर कौशिक ने 12वीं तक के सरकारी और निजी स्कूलों को बंद रखने के निर्देश दिए हैं। यहां पर आगामी आदेशों तक स?कूल बंद रहेंगे और ऑनलाइन क्लासेज चलाई जाएंगी। चरखी दादरी जिले के स्कूलों को भी बढ़ते प्रदूषण के कारण 23 नवंबर तक बंद रखने के निर्देश हैं। जिलाधीश मुनीष शर्मा ने इस संबंध में आदेश जारी किए हैं। राजस?थान में पहली बार प्रदूषण के कारण स्कूल बंद रखा गया है। यहां के खैरथल जिले के स्कूलों को बंद रखने के निर्देश जारी किए गए हैं। यहां के कलेक्टर किशोर कुमार ने सभी निजी व सरकारी स्कूलों के अवकाश की घोषणा की है। यह आदेश पांचवीं तक के स्कूलों के लिए जारी किया गया है, जो आगामी आदेश तक लागू रहेगा।

## यमुना एक्सप्रेसवे पर बस-ट्रक भिड़े, 5 की मौत, 20 घायल

एजेंसी

**अलीगढ़।** तेज गति से जा रहे ट्रक और डबल डेकर बस में जबरदस्त भिडंत हो गई। यमुना एक्सप्रेसवे पर हुए इस सड़क हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई। जबकि लगभग 20 लोग घायल हैं। पुलिस ने सभी घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है जबकि शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घायलों में कुछ की हालत गंभीर बताई जा रही है। सभी को अस्पतालों में भर्ती कराया गया है जहां घायलों का इलाज चल रहा है। सवारियों से भरी डबल डेकर प्राइवेट बस दिल्ली से आजमगढ़ जा रही थी। यमुना एक्सप्रेस-वे 56 नंबर पर डबल डेकर प्राइवेट बस ट्रक में पीछे से घुस गई। जबरदस्त टक्कर



के बाद बस के परखच्चे उड़ गए। हादसे में 5 लोगों की जान चली गई। पुलिस ने सभी शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताया जा रहा है कि मरने वालों में तीन पुरुष, एक महिला व एक बच्चा शामिल है। हालांकि अभी तक इनकी पहचान नहीं हो सकी। वहीं हादसे में 15 से अधिक घायल हैं। सभी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। घटना के चलते लंबा जाम लग गया। पुलिस जाम को खुलवाने में जुटी रही।

# जम्मू-कश्मीर के कई इलाकों में एनआईए ने की छापेमारी

- आतंकी घुसपैठ का मामला
- पिछले दिनों घाटी में हुई थी कई आतंकी घटनाए

एजेंसी

**जम्मू।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने गुरुवार सुबह जम्मू के कई इलाकों में बड़ी छापेमारी की। यह छापे एक नए दर्ज मामले से संबंधित हैं, जिसमें पाकिस्तान से आतंकवादियों की घुसपैठ का आरोप लगाया गया है। पिछले दिनों घाटी में कई आतंकी घटनाएं हुई हैं। जिसके बाद आतंकियों के खिलाफ सुरक्षबालों का एक्शन भी तेज हो चुका है। एनआईए की इस कार्रवाई



को आतंकियों के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई के रुप में देखा जा रहा है। जानकारी के अनुसार एनआईए की इस छापेमारी का मकसद पाकिस्तानी आतंकियों के भारत में घुसने के प्रयासों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी जुटाना है। सूत्रों ने बताया कि पुलिस और अर्धसैनिक बल सीआरपीएफ की मदद से एनआईए के अधिकारी कई स्थानों पर छापेमारी कर रहे हैं। इससे पहले, एनआईए ने 5 अक्टूबर को 5 राज्यों के 22 ठिकानों पर आतंकी साजिश और टेरर फंडिंग के शक में एक साथ छापेमारी की थी। एनआईए की ओर से यह छापेमारी महाराष्ट्र, जम्मू-कश्मीर, उत्तर प्रदेश, असम और दिल्ली में छापेमारी की गई थी। यह कार्रवाई आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े मामलों को लेकर की गई थी। एनआईए ने जम्मू-कश्मीर में बारामूला और अन्य क्षेत्रों में भी छापेमारी की थी। बारामूला में मौलवी इकबाल भट के घर पर एनआईए ने सुरक्षा बलों की मदद से तलाशी ली थी।

## 55वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव का उद्घाटन

**पणजी।** गोवा में 55वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (आईएफएफआई) और फिल्म बाजार के 18वें संस्करण की शुरूआत हुई। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने उद्घाटन समारोह में दुनिया भर से आए प्रतिनिधियों का स्वागत किया। इस दौरान केंद्रीय मंत्री वैष्णव ने कहा कि मैं आईएफएफआई में दुनिया भर से आए सभी प्रतिनिधियों का स्वागत करता हूं। आईएफएफआई भारतीय फिल्म इंडस्ट्री के विकास में एक बहुत ही महत्वपूर्ण मील का पत्थर बना है। हम भारत में वर्तमान में कंटेंट क्रिएटर अर्थव्यवस्था को विकसित करने पर बहुत अधिक ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश में एक बहुत ही जीवंत क्रिएटर्स इकोनॉमी है।

## जम्मू-कश्मीर में पारा शून्य से भी नीचे लोगों से घर में ही रहने की अपील



एजेंसी

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में कड़ाके की ठंड पड़ने लगी है। ठंड से कई इलाकों में न्यूनतम तापमान शून्य से भी नीचे पहुंच गया है। मौसम विभाग के मुताबिक ठंड का असर इतना है कि जम्मू-कश्मीर में वीरवार का तापमान माइनस 8.77 डिग्री दर्ज किया गया है। इतना ही नहीं आने वाले दिनों में पारा और गिरने की संभावना जताई है। ऐसे में लोगों को अपने स्वास्थ्य का ख्याल रखने की और बिना किसी जरूरी कारण के घर से न निकलने की अपील की है। मौसम विभाग के मुताबिक आज का अधिकतम तापमान माइनस 14.64 डिग्री और न्यूनतम तापमान माइनस 6.58 डिग्री रहने की संभावना है।

## ट्रंप ने किया नाटो और कनाडा में अमेरिकी राजदूत के नामों का ऐलान

एजेंसी

**वाशिंगटन।** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) में अमेरिकी राजदूत नियुक्त करने के लिए कार्यवाहक अटॉर्नी जनरल मैथ्यू जी व्हिटेकर और कनाडा में पूर्व सांसद पीट होकेस्ट्रा के नामों का ऐलान किया है।

होकेस्ट्रा ने अमेरिकी संसद में मिशिगन के सेकंड डिस्ट्रिक्ट का करीब 20 सालों तक प्रतिनिधित्व किया। वह प्रतिनिधि सभा की खुफिया समिति के अध्यक्ष भी रहे। ट्रंप ने कहा कि व्हिटेकर यह तय करेंगे कि अमेरिकी हितों को आगे बढ़ाया जाए और उनकी रक्षा की जाए। उन्होंने कहा कि मैथ्यू हमारे नाटो सहयोगियों के साथ संबंधों को मजबूत करेंगे और शांति और स्थिरता के लिए खतरों का दृढ़ता से सामना करेंगे। वह अमेरिका को नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे। ट्रंप ने कहा कि मेरे दूसरे कार्यकाल में पूर्व सांसद पीट होकेस्ट्रा एक बार फिर अमेरिका को ऊंचाइयों तक ले जाने में मेरी मदद करेंगे। उन्होंने हमारे पहले चार सालों के दौरान नीदरलैंड में अमेरिका के राजदूत के रूप में उत्कृष्ट कार्य किया और मुझे यकीन है कि वह इस नई भूमिका में हमारे देश का बेहतर प्रतिनिधित्व करेंगे।

## कालीन गोदाम में लगी भीषण आग

**पालघर।** महाराष्ट्र के पालघर जिले में कालीन के एक गोदाम में गुरुवार सुबह भीषण आग लग गई। इस घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है लेकिन आग लगने से गोदाम में रखा सामान जलकर खाक हो गया। आग की सूचना मिलते ही फायद ब्रिगेट की गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। जानकारी के मुताबिक बोईसर में स्थित महाराष्ट्र औद्योगिक विकास निगम (एमआईडीसी) के दमकल केंद्र के अधिकारी ने बताया कि महागांव क्षेत्र के बोईसर में कालीन बनाने वाली एक कंपनी के गोदाम में सुबह करीब 7 बजे भीषण आग लग गई।

# सऊदी अरब में 4000 साल पुराने शहर की खोज

एजेंसी

रियाद (ईएमएस)। सऊदी अरब में पुरातत्वविदों ने एक 4 हजार साल पुराने शहर की खोज की है। इस शहर से पुरातत्वविदों को आधुनिक सभ्यता के संकेत मिले हैं। यह शहर अभी तक दुनिया से छिपा हुआ था। सऊदी अरब दुनियाभर के मुस्लिमों के लिए पवित्र देश है। पुरातत्वविदों द्वारा खोजे गए किलेबंदी वाले शहर को अल-नताह कहा जाता था और यहां पर कम से कम 500 लोग रहते थे। ये सभी एक समय में घुमंतू लोग थे, लेकिन उन्होंने 2400 ईसा पूर्व में कम से कम 50 कई मंजिल वाली इमारत का निर्माण



किया था। यह पूरा इलाका 269,000 वर्ग फुट में फैला हुआ था। यह शहर सऊदी अरब के खैबर नखलिस्तान के पास में स्थित रेगिस्तान में था। इससे पहले इस इलाके को एक बंजर क्षेत्र माना जाता था जहां मकबरा बने हुए हैं और घुमंतू रहते हैं। सऊदी अरब में पैगंबर मोहम्मद साहब का जन्म 570 ईस्वी में हुआ था और तभी से इस्लाम का इतिहास माना जाता है। रिपोर्ट के मुताबिक इस सभ्यता को इसलिए आधुनिक कहा जा रहा है क्योंकि उन्होंने विशाल मकबरा बनाया था जहां पर उन्होंने अपने अवशेष और धातुओं से बने हथियार रखे थे। इन हथियारों में कुल्हाड़ी और भाला शामिल था। अल नताह शहर आवासीय, निर्णय लेने वाला जोन, कब्रिस्तान के इलाके में बंटा हुआ था। यह छोटी-छोटी गलियों और लंबे व्यापार रास्ते से जुड़ा हुआ था। हाल में हुए खोज से पता चला है कि यह अल नताह शहर एक भेदभावरहित समाज था। इस समाज में किसी के साथ भी लिंग, नस्ल, वर्ग या पैसे के आधार पर कोई भेदभाव नहीं होता था।

# वाराणसी के कारीगरों की दुनिया भर में मांग

**ब्रिटेन के क्राउन बैज के साथ बना रहे 20 देशों की सेना और आर्मी स्कूलों के बैज**

एजेंसी

**वाराणसी ।** वाराणसी के कारीगरों की मांग दुनिया भर में है। ये ब्रिटेन के क्राउन बैज के साथ 20 देशों की सेना और आर्मी स्कूलों के बैज बना रहे हैं। बता दें कि भारत पर 190 साल तक राज करने वाली ब्रिटिश आर्मी से लेकर रॉयल फैमिली तक वाराणसी के कारीगरों के हाथों तैयार बैज सिर माथे पर सजाते आए हैं। ब्रिटेन में क्वीन क्राउन की जगह अब किंग क्राउन का राज है। महारानी एलिजाबेथ की मृत्यु के बाद क्वीन क्राउन की जगह किंग क्राउन ने ले ली है। किंग क्राउन बैज का उपयोग वहां की रॉयल आर्मी से लेकर ब्रिटिश आर्मी तक करती हैं। वाराणसी के



कारीगरों को नए डिजाइन के किंग क्राउन बैज तैयार करने का ऑर्डर मिला है। कारीगरों ने अब तक पांच हजार से अधिक बैज ब्रिटिश आर्मी के लिए तैयार करके निर्यात कर चुके हैं। वाराणसी के लल्लापुरा क्षेत्र निवासी मुमताज आलम और उनका पूरा परिवार इस समय ब्रिटेन, फ्रांस, रूस समेत दुनिया के लगभग 20 देशों की सेना, सैनिक स्कूलों के लिए बैज तैयार करने में लगा हुआ है। मुमताज आलम ने बताया कि महारानी की मौत से पहले क्वीन क्राउन की डिजाइन के बैज तैयार होते थे। उनके निधन के बाद ब्रिटेन की राजगद्दी पर प्रिंस चार्ल्स के बैठने के बाद अब वहां किंग क्राउन चिह्न लागू है। हमें अब किंग क्राउन की डिजाइन वाले बैज तैयार करने का ऑर्डर मिला है। पांच हजार से अधिक बैज एक्सपोर्ट किये जा चुके हैं जबकि पांच हजार बैज जाने के लिए तैयार हो चुके हैं। लल्लापुरा के जरदोजी के कारीगर शादाब आलम ने बताया कि वह तीसरी पीढ़ी से हैं जो दुनिया के कई देशों की सेनाओं, राष्ट्रपति, सरकारों के चिह्न, बैज तैयार करते हैं।

## पटाखों की ऑनलाइन बिक्री बंद करने के निर्देश

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने ई-कॉमर्स वेबसाइट और सोशल मीडिया मंचों को राष्ट्रीय राजधानी में पटाखों की ऑनलाइन बिक्री तुरंत बंद करने के निर्देश दिए हैं। दिल्ली सरकार द्वारा 14 अक्टूबर को जारी आदेश के मुताबिक दिल्ली में एक जनवरी 2025 तक सभी तरह के पटाखों के निर्माण, भंडारण और उन्हें फोड़ने पर पूरी तरह बैन लगा दिया है। दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने बयान जारी कर कहा कि 19 नवंबर को ई-कॉमर्स वेबसाइट और सोशल मीडिया मंचों को ई-मेल के माध्यम से निर्देश जारी किए गए हैं। निर्देश के मुताबिक पुलिस ने उनसे पटाखे दिल्ली के ग्राहकों को बेचना बंद करने को कहा है।

# बीकानेर हाउस की संपत्ति करें कुर्क : कोर्ट

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली स्थित राजस्थान के नगर पालिका के बीकानेर हाउस की संपत्ति कुर्क करने के आदेश कोर्ट ने दिए हैं। दिल्ली की जिला अदालत के न्यायाधीश विद्या प्रकाश के आदेश के मुताबिक, नगर पालिका 2020 में अपने खिलाफ पारित मध्यस्थता पुरस्कार का भुगतान करने में विफल रही है। अब इसका सीधा मतलब है कि बीकानेर हाउस की कुर्की की जाएगी। दिल्ली की अदालत ने एक विस्तृत आदेश में कहा कि उपरोक्त तथ्यों और परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए और इस तथ्य को कि ज्यूडी (जजमेंट



डेब्टर जो नगर पालिका है) बार-बार अवसर दिए जाने के बावजूद अपनी संपत्ति का हलफनामा देने के निर्देश का पालन करने में विफल रही है। अदालत, डीएच (डिक्री होल्डर जो एनवाइरो इन्फ्रा इंजीनियर्स प्राइवेट लिमिटेड था) की ओर से की गई दलीलों से सहमत होकर, ज्यूडी की अचल संपत्ति यानी बीकानेर हाउस, नई दिल्ली के खिलाफ अटैचमेंट वारंट जारी करती है। कोर्ट ने आगे आदेश दिया कि तदनुसार, ज्यूडी की अचल संपत्ति यानी बीकानेर हाउस, नई दिल्ली के लिए अटैचमेंट वारंट जारी करें। अदालत ने कहा कि पटियाला हाउस कोर्ट के न्यायाधीश ने नगर पालिका की ओर से अदालती कार्यवाही के दौरान लगातार अनुपस्थिति पर भी प्रकाश डाला। इसके अलावा, न्यायाधीश ने नगर पालिका को 29 नवंबर को अदालत में उपस्थित होने का आदेश दिया ताकि बिक्री की उद्घोषणा की शर्तों को तय करने के लिए निर्धारित तिथि का नोटिस लिया जा सके।

# रूस की नई परमाणु नीति से डरी दुनिया, परमाणु युद्ध का संकट

एजेंसी

**मॉस्को ।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने देश की परमाणु नीति में बदलाव किया है। इस बदलाव से पूरी दुनिया में दहशत का माहौल है। इन बदलावों ने वैश्विक सुरक्षा को लेकर नए सिरे से चिंताएं पैदा कर दी हैं, खास तौर से तब जब यूक्रेन का युद्ध बढ़ता जा रहा है। नए नियमों के अनुसार, किसी भी परमाणु ताकत की ओर से समर्थित देश अगर रूस पर हमला करता है तो इसे उनके देश पर संयुक्त हमला माना जाएगा। पुतिन की नई परमाणु नीति के मुताबिक रूस पर कोई भी बड़ा हवाई हमला परमाणु प्रतिक्रिया को जन्म दे सकता है। पुतिन ने परमाणु



नीति में बदलाव रूस-यूक्रेन युद्ध के 1000वें दिन पर किया था। साथ ही बदलाव ऐसे समय में किया गया है जब अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन ने यूक्रेन को अमेरिका की सप्लाई की हुई मिसाइलों के जरिए रूस में हमला करने की इजाजत दी है। मंगलवार को रूस ने यह भी दावा किया कि यूक्रेन ने छह अमेरिकी मिसाइलों से उसके ब्रांस्क क्षेत्र में हमला किया है। इस हमले के बाद अब रूस सीधे तौर पर नाटो और अमेरिका के समक्ष खड़ा हो गया है। नई परमाणु नीति के मुताबिक मॉस्को रूस या उसके सहयोगियों के खिलाफ परमाणु और सामूहिक विनाश के अन्य प्रकार के हथियारों के इस्तेमाल के जवाब में न्यूक्लियर हथियार चला सकता है। इसके अलावा उस स्थिति में भी परमाणु हथियार इस्तेमाल हो सकते हैं जहां रूस और बेलारूस के खिलाफ पारंपरिक हथियारों से होने वाले हमले में देश की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता को खतरा हो सकता है। रूस या उसके सहयोगियों के क्षेत्र को निशाना बनाकर बैलिस्टिक मिसाइलों को लॉन्च किए जाने की विश्वसनीय जानकारी मिलने पर न्यूक्लियर हथियार इस्तेमाल किया जा सकता है। परमाणु हथियार या सामूहिक विनाश के अन्य हथियार रूस उसके सहयोगियों या विदेशों में रूसी सैन्य इकाइयों पर हमले के लिए इस्तेमाल किए जाते हैं। रणनीतिक और सामरिक विमानों, क्रूज मिसाइलों, ड्रोन, हाइपरसोनिक या अन्य उड़ान वाहनों के टेकऑफ या लॉन्च होने और उनके रूसी सीमा पार करने की जानकारी पर भी परमाणु हमला किया जा सकता है। रूस का नया परमाणु सिद्धांत यूक्रेन युद्ध में नई अनिश्चितताओं को पैदा करता है। हालांकि इस नए दस्तावेज के बावजूद बाइडन प्रशासन के अधिकारियों ने रूस के परमाणु रुख में तुरंत कोई बदलाव नहीं देखा है। विशेषज्ञ मानते हैं कि रूस यूक्रेन से युद्ध के बावजूद परमाणु हथियार इस्तेमाल नहीं करेगा।

**दिल्ली पुलिस की बड़ी कामयाबी**

## 4 करोड़ का ड्रग्स बरामद

संजीव ठाकुर

**नई दिल्ली।** नशा मुक्त दिल्ली के लिए दिल्ली पुलिस का नशे के खिलाफ अभियान लगातार जारी है, इसमें दिल्ली पुलिस को एक बड़ी कामयाबी



हाथ लगी है, एडिशनल कमिश्नर संजय भाटिया के नेतृत्व में डीसीपी बिशम सिंह की टीम ने पार्टी ड्रग्स की बड़ी खेप बरामद करते हुए 4 करोड़ की ड्रग्स बरामद की है,इसमें एक नाइजीरियन नागरिक को गिरफ्तार किया है इसे उत्तम नगर से पकड़ा है जिसके घर से तकरीबन 7 हजार ड्रग्स की गोलियां बरामद हुई जिसकी इंटरनेशनल मार्केट वैल्यू 4 करोड़ है आरोपी चुकू ने बताया कि उसका साथी भी है जो उसके साथ ड्रग्स सप्लाई में शामिल है, पुलिस ने मामला दर्ज करके आगे की करवाई शुरू कर दी, पुलिस सूत्रों की माने तो इसमें अभी और गिरफ्तारी हो सकती है, हाल के कुछ महीनों में पुलिस ड्रग्स के खिलाफ नकेल कसने की पूरी कोशिश करती हुई दिखाई दे रही है।

## खास खबर

### इन्दौर के चार खिलाड़ी करेंगे भारत का प्रतिनिधित्व

**इन्दौर।** अंतरराष्ट्रीय पैरा ताइक्वांडो स्पर्धा में भारत की टीम का प्रतिनिधित्व करते इंदौर के चार खिलाड़ी इस स्पर्धा में शामिल होंगे। आगामी 26 से 27 नवंबर तक बहरीन में प्रथम वर्ल्ड पैरा ताइक्वांडो स्पर्धा आयोजित की जा रही है, जिसमें इंदौर की सपना शर्मा, सपना चौहान, पिंकी दुबे महिला वर्ग में तथा पुरुष वर्ग में भविष्य जैन प्रतिनिधित्व करेंगे। कोच मिथिलेश कैमरे के अनुसार मध्य प्रदेश में पहली बार दिव्यांग बच्चे वर्ल्ड पैरा ताइक्वांडो स्पर्धा में खेलेंगे।

### अदिमा ने की शानदार गेंदबाजी, पावर प्लेयर्स ने जीता मैच

**लखनऊ।** महिला क्रिकेट लीग मैच में पावर प्लेयर्स ने ब्रेव ब्लेजर्स को सात रन से हरा दिया। पावर की गेंदबाज अदिमा मिश्रा ने शानदार गेंदबाजी करते हुए मात्र 10 रन देकर तीन विकेट झटके। पावर प्लेयर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 126 रन बनाये। सलामी बल्लेबाज नित्या यादव ने 26 रन का योगदान दिया। वहीं चंदा गुप्ता और तनिष्का शून्य पर ही पवेलियन लौट गयीं। अपनी टीम में सबसे अधिक रीधिमा यादव ने 44 रन का योगदान दिया। अंशु तिवारी ने 19 रन बनाये। वहीं खुशी मात्र एक रन बना सकीं। वहीं ब्रेव ब्लेजर्स की टीम 119 रन ही बनाकर पवेलियन लौट गयी और पावर ने सात रन से मैच को जीत लिया। अपनी टीम में सर्वाधिक सलामी बल्लेबाज संध्या सिंह ने 39 रन बनाये। वहीं ताशु सिंह ने 37 रन का योगदान दिया, जबकि तनु सिंह ने 16 रन बनाये। वहीं इशिता दुबे, खुशबू, मान्या शून्य पर ही पवेलियन लौट गयीं।

### आशीष नेहरा ने लाइफ केयर को हराया

**लखनऊ।** बाबू बनारसी दास क्रिकेट लीग के बी डीविजन में आशीष नेहरा क्रिकेट एसोसिएशन ने लाइफ केयर क्रिकेट क्लब को 84 रन से हरा दिया। आशीष नेहरा के गेंदबाज आकाश यादव ने शानदार गेंदबाजी करते हुए तीन ओवर गेंद डालकर मात्र चार रन देते हुए तीन विकेट झटके। आशीष नेहरा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 35 ओवर में आठ विकेट खोकर 186 रन बनाये। सलामी बल्लेबाज विनायक सिंह मात्र पांच रन बनाकर आउट हो गये। वहीं अभय सिंह और शुभंकर सिंह ने 27-27 रन का योगदान दिया। आकाश यादव ने 25 रन बनाये, जबकि यश नेगी ने अपनी टीम में सर्वाधिक 41 रन बनाये। अमित राज ने 26 रन बनाये। लाइफ केयर क्रिकेट क्लब की टीम 102 रन ही बना सकी और आशीष नेहरा ने 84 रन से मैच को जीत लिया। अपनी टीम में नवनीत ने सर्वाधिक 24 रन बनाये। वहीं प्रखर मिश्रा ने 14 रन का योगदान दिया, जबकि गौरव यादव ने 10 रन बनाये। शैलेन्द्र ने धुआंधार बल्लेबाजी करते हुए 13 बाल पर 19 रन का योगदान दिया।

### यूनिटी क्रिकेट एकेडमी ने नार्दर्न रेलवे को हराया

**लखनऊ।** यूनिटी क्रिकेट एकेडमी ने नार्दर्न रेलवे क्रिकेट एकेडमी को 23 रन से हराकर बढ़त बना ली। इस मैच में यूनिटी के सलामी बल्लेबाज कर्तव्य जैन ने शानदार 61 रन बनाये। वहीं गौरी शंकर ने शानदार गेंदबाजी करते हुए तीन विकेट झटके। यूनिटी क्रिकेट एकेडमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 35 ओवर में सात विकेट गवांकर 224 रन बनाये। सलामी बल्लेबाज कर्तव्य जैन ने 11 चौकों के साथ 61 रन बनाये। प्रणव मात्र छह रन बनाकर आउट हो गये, जबकि स्मोकर रिजवी ने 46 रन का योगदान दिया। विशाल चौधरी ने 22 रन बनाये। हिमांशु शंकर ने 17 रन बनाये। वहीं नार्दर्न रेलवे क्रिकेट एकेडमी की टीम 201 रन ही बना सकी और यूनिटी की टीम ने 23 रन से मैच को जीत लिया। अपनी टीम में सबसे अधिक चंद्रा ने 48 रन बनाये। अंजुल मिश्रा ने 46 रन बनाये, जबकि सलामी बल्लेबाज सुर्जीत ने 34 रन बनाये। अखंड यादव ने 22 रन का योगदान दिया।

# कनाडा को हराकर जर्मनी डेविस कप टेनिस के सेमीफाइनल में पहुंची

एजेंसी



**मैलागा ।** जर्मनी की डेविस कप टेनिस के सेमीफाइनल में पहुंच गयी है। जर्मनी ने क्वार्टर फाइनल में कनाडा को हराकर अंतिम चार में जगह बनायी। जर्मनी के जान-लेनार्ड स्ट्रफ और डैनियल अल्टमायर ने अपने-अपने मैच जीतकर कनाडा को 2-0 से हराया। इसके साथ ही जर्मनी की टीम डेविस कप के सेमीफाइनल में पहुंच गयी। जर्मनी के अल्टमायर ने इस मैच में गैब्रियल डायलो को सीधे सेटों में 7-6(5) 6-4 से हराया। वहीं इससे पहले एक अन्य मैच में स्ट्रफ ने डेनिस शापोवालोव पर 4-6 7-5 7-6(5) से जीत दर्ज की। स्ट्रफ ने कहा, आज मुझे लगता है कि हम जीत के अधिकारी थे। मैं जीत से उत्साहित हूं हालांकि विरोधी खिलाड़ी डेनिस भी काफी अच्छे से खेल रहे थे, उन्होंने पूरे मैच में जबरदसत सर्विस की जिससे हमारे लिए वापसी करना मुश्किल हुआ। टाईब्रेक में भी, उन्होंने कुछ विनर्स लगाए। कुल मिलाकर यह बहुत करीबी मुकाबला रहा था। अब सेमीफाइनल में जर्मनी का मुकाबला नीदरलैंड से होगा। नीदरलैंड ने इससे पहले एक अन्य मैच में रफल नडाल पर जीत के साथ ही स्पेन को हराया था। स्ट्रफ ने कहा कि हमारे लिए क्वार्टर फाइनल से सेमीफाइनल में जाना एक बड़ा कदम है। हम जीतना चाहते हैं और अब फाइनल में जाना चाहते हैं। उन्होंने कहा, नीदरलैंड ने भी अब तक शानदार मुकाबला खेला है। हमें सेमीफाइनल में हमें कड़े मुकाबले की उम्मीद है। हम जानते हैं कि जर्मन और डच के बीच थोड़ी प्रतिद्वंद्विता है और डच लोगों के पास काफी प्रशंसक हैं, इसलिए मैं इसका बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं। इससे पहले, शुरूआती मैच में, पहले सेट के दौरान दोनों खिलाड़ी आशंकित दिखे। अल्टमायर ने टाईब्रेक में 5-0 की बढ़त को जाने दिया और फिर 7-5 से जीत हासिल की। ??दूसरा सेट बेहतर रहा और यह तभी संभव हुआ जब जर्मन खिलाड़ी ने 15-40 से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए दसवें गेम में कनाडाई खिलाड़ी की सर्विस तोड़ी और मैच जीत लिया।

## भविष्य की योजना पर काम करने ऑस्ट्रेलिया में रहेंगे अगरकर

एजेंसी



**मुम्बई ।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर टीम इंडिया के भविष्य की योजना पर काम करने के लिए बॉर्डर-गावस्कर टेस्ट सीरीज के दौरान मुख्य कोच गौतम गंभीर के साथ ऑस्ट्रेलिया में ही रुकेंगे। एक रिपोर्ट के अनुसार अगरकर से यह कहा गया है कि वे बॉर्डर-गावस्कर टेस्ट सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया में रुके और गौतम गंभीर के साथ मिलकर टीम के प्रदर्शन पर नजर रखें।

न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू टेस्ट सीरीज में मिली 3-0 से हार के बाद सिर्फ खिलाड़ियों की नहीं, बल्कि टीम प्रबंधन पर भी सवाल उठे हैं। यही कारण है कि मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर को भी ऑस्ट्रेलिया दौरे पर टीम इंडिया के साथ रुकने के लिए कहा गया है। इस पूरे मामले पर एक रिपोर्ट में कहा गया , अगरकर और गंभीर दोनों जानते हैं कि भारत में न्यूजीलैंड के खिलाफ मिली करारी हार के बाद सभी की ओर से आलोचना हुई है। ऑस्ट्रेलिया दौर लंबा है। इसलिए अगरकर और गंभीर एक साथ बैठकर टीम इंडिया के भविष्य पर योजना तैयार कर सकते हैं। रिपोर्ट के अनुसार ऑस्ट्रेलिया दौरे पर टीम इंडिया के कुछ सीनियर खिलाड़ियों के भविष्य पर भी चर्चा होगी। इसमें रोहित शर्मा, विराट कोहली, रवींद्र जडेजा और आर अश्विन का नाम शामिल है।

## यशस्वी के प्रदर्शन पर आधारित रहेगी भारतीय टीम की सफलता

एजेंसी




**पर्थ ।** कई दिग्गज क्रिकेटरों का मानना है कि भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच शुक्रवार से शुरू हो रही पांच मैचों की बॉर्डर-गावस्कर सीरीज में युवा बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल अहम भूमिका निभा सकते हैं। वहीं माना जा रहा है कि भारतीय टीम का प्रदर्शन अनुभवी खिलाड़ियों विराट कोहली, जसप्रीत बुमराह जैसे खिलाड़ियों पर आधारित रहेगा पर पदार्पण के बाद से ही जिस प्रकार का प्रदर्शन यशस्वी ने किया है। उससे तय है कि इस सीरीज में वह अंतर पैदा करेंगे। भारतीय टीम को अगर जीत दर्ज करनी है तो यशस्वी को उसी प्रकार की भूमिका निभाने होगी जैसी वीरेंद्र सहवाग निभाया करते थे। यशस्वी ने पिछले एक एक साल में ही विश्व क्रिकेट में आक्रामक बल्लेबाज के तौर पर अपनी पहचान बनायी है। टेस्ट क्रिकेट में चाहे स्ट्राइक रेट की बात हो या औसत और या फिर तेजी से हजार रन पूरे करने की। हर सूची में यशस्वी 10 में नजर आते हैं। उन्होंने अभी तक खेले 14 ही टेस्ट मैच के छोटे से करियर में ही 56.28 की औसत से 1407 रन बनाये हैं और इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 70.13 रहा है जबकि उनका शीर्ष स्कोर 214 है। यशस्वी हाल में न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज में केवल एक अर्धशतक लगा पाए थे और इसी सीरीज में भारतीय टीम सभी मैच हार गयी। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि पिछले एक साल में यशस्वी टीम के लिए कितने अहम बन गये हैं। इससे साफ है कि उनके असफल होने पर टीम भी हारी है जबकि जब वह अच्छा खेलते हैं तो टीम जीतती है। ऐसे में ऑस्ट्रेलिया सीरीज में भी यशस्वी की भूमिका निर्णायक रहेगी। ये माना जाता है कि वही ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाजी आक्रमण को दबाव में ला सकते हैं। यशस्वी आक्रामक बल्लेबाज हैं और पहले ही ओवर से तेजी से रन बनाने का प्रयास करते हैं।

## मेसी अगले साल आ सकते हैं भारत

एजेंसी



**तिरुवनंतपुरम ।** भारतीय फुटबॉल प्रशंसकों के लिए अच्छी खबर है। अर्जेंटीना के स्टार स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेसी अगले साल भारत में खेलने आ सकते हैं मेसी के भारत में भी काफी प्रशंसक हैं। ऐसे में भारतीय प्रशंसकों के पास अवसर होगा कि वह मेसी को देख सकें। केरल के खेल मंत्री वी अब्दुरहीमान ने कहा कि मेसी सहित अर्जेंटीना की फुटबॉल टीम अगले साल एक अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने के लिए भारत आयेगी। खेल मंत्री ने कहा कि इस मैच की मेजबानी के लिए राज्य पूरी तैयारी करेगा। उन्होंने केरल की क्षमता पर विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि मैच राज्य सरकार की पूरी निगरानी में आयोजित किया जाएगा। मेसी ने अंतिम बार 2011 में भारत में खेला था उस समय अर्जेंटीना ने वेनेजुएला के खिलाफ एक अंतरराष्ट्रीय मैच खेला था। यह मैच गोल रहित ड्रॉ पर समाप्त हुआ था। हाल ही में मेजर लीग सॉकर की टीम इंटर मियामी में मेसी के शामिल होने से उत्तरी अमेरिका में उनकी लोकप्रियता और बढ़ गई है, जिससे भारत में भी उनके प्रशंसक आकर्षित हुए हैं, जो अक्सर उनके मैच देखने के लिए देर रात तक जागते रहते हैं। वैश्विक फुटबॉल आइकन के रूप में उनकी स्थिति ने पूरे क्षेत्र में कई प्रशंसक क्लबों और समारोहों का गठन किया है, जहाँ उनकी उपलब्धियों का जश्न मनाया जाता है।

## शमी को आईपीएल में इसलिए नहीं मिलेगी अधिक कीमत : मांजरेकर

एजेंसी



**मुम्बई ।** पूर्व क्रिकेटर संजय मांजरेकर ने कहा है कि तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को इस बार आईपीएल 2025 के लिए होने वाले नीलामी में अधिक कीमत नहीं मिल पायेगी। मांजरेकर के अनुसार सभी फ्रेंचाइजी उनकी फिटनेस को लेकर चिंतित होगी क्योंकि वह साल तक चोट के कारण प्रतिस्पर्धी क्रिकेट से दूर रहे हैं। हालांकि शमी की घरेलू क्रिकेट में वापसी एक महत्वपूर्ण कदम है। आईसीसी क्रिकेट विश्व कप 2023 के दौरान वह शानदार फॉर्म में थे। वह 7 मैचों में 10.70 की औसत से 24 विकेट लेकर टूनार्मेंट के अग्रणी विकेट लेने वाले गेंदबाज के रूप में समाप्त हुए। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन न्यूजीलैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में आया, जहां उन्होंने 57 रन देकर 7 विकेट लिए। मांजरेकर ने कहा कि निश्चित रूप से कई टीमों की उनमें रुचि होगी। लेकिन अगर आप शमी की हाल की चोट को देखेंगे तो आप पाएंगे कि उन्हें उबरने के लिए काफी समय लगा है। हर टीम को सीजन के दौरान संभावित ब्रेकडाउन के बारे में हमेशा चिंता रहेगी। यदि कोई फ्रेंचाइजी भारी निवेश करती है और फिर उसे बीच में ही खो देती है तो उसके विकल्प सीमित हो जाते हैं। इस चिंता के कारण उनकी कीमत में गिरावट हो सकती है।

## मैक्सवेल हैमस्ट्रिंग शुरूआती मुकाबलों से रहेंगे बाहर

**मेलबर्न ।** ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल हैमस्ट्रिंग इंजरी के कारण घरेलू बिग बैश लीग (बीबीएल) के शुरूआती मैचों से बाहर हो गये हैं। मैक्सवेल के स्कैन में उनके बाएं हैमस्ट्रिंग में ग्रेड टू टियर का पता चला है। मैक्सवेल को पाकिस्तान के खिलाफ तीसरे टी20 के दौरान फील्डिंग करते समय चोट लगी थी। इसके बाद से ही वह दर्द से परेशान थे। इस चोट के कारण फरवरी 2025 में श्रीलंका में होने वाली दो मैचों की सीरीज से पहले टेस्ट टीम में वापसी की उनकी संभावनाओं को भी झटका लगा है। उन्होंने अंतिम बार 2017 में टेस्ट क्रिकेट खेला था। इसके अलावा, अब वह बीबीएल सत्र की तैयारी के लिए शेफील्ड शील्ड मैच भी नहीं खेल पायेंगे।

## अर्जेंटीना विश्व कप में जगह बनाने के करीब पहुंचा

▶ चिली की उम्मीदें बरकरार

एजेंसी




**रियो डी जेनेरियो।** अर्जेंटीना ने 2026 फीफा विश्व कप में जगह बनाने की ओर कदम बढ़ा दिए हैं, जबकि चिली ने दक्षिण अमेरिकी क्वालीफायर में अपनी उम्मीदों को जीवित रखा है ब्यूनस आयर्स में, इंटर मिलान के स्ट्राइकर लुटारो मार्टिनेज के दूसरे हाफ में किए गए शानदार वॉली ने अर्जेंटीना को पेरू पर 1-0 से घरेलू जीत दिलाई।

मार्टिनेज ने 55वें मिनट में गतिरोध को तोड़ा जब उन्होंने लियोनेल मेसी के क्रॉस पर एक शानदार गोल किया। इसके बाद मौजूदा विश्व चैंपियन ने मैच पर नियंत्रण बनाए रखा और क्वालीफाइंग अभियान में अपनी आठवीं जीत दर्ज की। अर्जेंटीना 10 टीमों के दक्षिण अमेरिकी समूह में 12 मैचों में 25 अंक लेकर शीर्ष पर है, जबकि पेरू अब तक सात अंकों के साथ अंतिम स्थान पर है।

मैच के बाद मार्टिनेज ने कहा, ?मुझे यह जानकर खुशी हुई कि हमने साल का अंत सकारात्मक तरीके से और लीडर के रूप में किया है। 27 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा, ?यह व्यक्तिगत रूप से एक शानदार साल रहा है, लेकिन मैं हर दिन बेहतर प्रदर्शन करने के लिए कड़ी मेहनत करना चाहता हूं। इस बीच, चिली ने क्वालीफायर में अपनी दूसरी जीत दर्ज की और सैंटियागो में वेनेजुएला को 4-2 से हराया। चिली के लिए लुकास सेपेडा ने दो गोल किए और एक और गोल की नींव रखी।

चिली नौ अंकों के साथ ग्रुप में नौवें स्थान पर है, जो आठवें स्थान पर मौजूद वेनेजुएला से तीन अंक पीछे है और सातवें स्थान पर मौजूद बोलीविया से चार अंक पीछे है।

शीर्ष छह टीमें स्वतः ही संयुक्त राज्य अमेरिका, मैक्सिको और कनाडा में होने वाले फुटबॉल के शोपीस टूनार्मेंट के लिए क्वालीफाई कर जाएंगी, जबकि सातवें स्थान पर रहने वाली टीम अंतरमहाद्वीपीय प्लेऑफ में आगे बढ़ेगी।

## बिहार सरकार ने भारतीय महिला हॉकी टीम के लिए किए इनाम घोषित

एजेंसी




**पटना ।** बिहार सरकार ने भारतीय महिला हॉकी टीम को एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी 2024 का खिताब जीतने पर बधाई देते हुए कहा है कि टीम के प्रत्येक खिलाड़ी को 10-10 लाख रुपये का इनाम दिया जाएगा। भारतीय टीम ने बुधवार को यहां के राजगीर स्टेडियम में हुए फाइनल में चीन को 1-0 से हराकर खिताब जीता है। इस जीत के बाद बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने टीम को बधाई देते हुए इनाम घोषित किया।

मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पर लिखा, राजगीर के राज्य खेल अकादमी एवं बिहार खेल विश्वविद्यालय-सह-राज्य खेल परिसर में आयोजित एशियन महिला हॉकी चैंपियनशिप ट्रॉफी में भारत की जीत पर बधाई एवं शुभकामनाएं। बिहार में पहली बार आयोजित एशियाई महिला हॉकी चैंपियनशिप ट्रॉफी में भारत ने फाइनल मुकाबले में चीन पर 1-0 से जीत दर्ज कर इतिहास रचा है जो सभी के लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि यह जीत भारतीय टीम की कड़ी मेहनत, ऊर्जा और धैर्य के साथ ही दृढ़ संकल्प को दिखाती है। उन्होंने भारतीय महिला हॉकी टीम को भविष्य के लिए भी शुभकामनाएं भी दीं। साथ ही उन्होंने लिखा, राज्य सरकार विजेता टीम के सभी सदस्यों एवं टीम के मुख्य कोच हरेंद्र सिंह को 10-10 लाख रुपये नकद राशि से पुरस्कृत करेगी। टीम के सहयोगी स्टाफ को भी पांच-पांच लाख रुपये की नकद राशि दी जाएगी। इसके अलावा बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने भी टीम को बधाई और शुभकामना देते हुए खिलाड़ियों और कोच को पुरस्कृत करने की घोषणा पर मुख्यमंत्री का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि इससे खिलाड़ियों का मनोबल काफी बढ़ेगा।

## एशेज की तरह है बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी : पोंटिंग

एजेंसी



**मेलबर्न ।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने भारत के साथ होने वाली बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2024-25 की तुलना इंग्लैंड के खिलाफ होने वाली एशेज सीरीज से की है। उन्होंने कहा कि ये सीरीज विश्व क्रिकेट में सबसे अधिक प्रतीक्षित सीरीजों में से हैं। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का पहला टेस्ट शुक्रवार से पर्थ के ऑप्टस स्टेडियम में खेला जाएगा। पोंटिंग ने दोनों टीमों से पूरी सीरीज के दौरान प्रतिस्पर्धी लेकिन निष्पक्ष भावना बनाए रखने को कहा है।

इस पूर्व क्रिकेटर ने कहा कि मुझे लगता है कि हम सभी एशेज, बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी जैसी सीरीजों का बेसब्री से इंतजार करते हैं। साथ ही कहा कि एक पूर्व खिलाड़ी और एक कमेंटेटर के तौर पर में मैं इन दोनों टीमों को मैदान पर उतरते हुए कड़ी मेहनत और निष्पक्षता से खेलते हुए देखना चाहता हूं और फिर देखना चाहता हूं कि अगले पांच मैचों के अंत में कौन टिक पाता है। सीरीज के दौरान अपेक्षित तीव्रता के बारे में पोंटिंग ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि मैच रोमांचक होंगे। उन्होंने कहा कि मुझे नहीं पता कि मसाला सही शब्द है या नहीं, लेकिन मुझे उम्मीद है कि खेल लगभग चरम पर खेला जाएगा, अगर आप चाहें, तो दुनिया की दो सर्वश्रेष्ठ टीमें एक-दूसरे को एक इंच भी जगह नहीं देना चाहती हैं।

इस पूर्व कप्तान ने कहा, हम विरोधी टीम को एक इंच भी जगह नहीं देना चाहते, उन पूरे पांच टेस्ट मैचों के दौरान एक भी मुकाबला नहीं हारना चाहते। पोंटिंग ने प्रतिद्वंद्विता के महत्व पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, यही विश्व खेल में इन महान प्रतिद्वंद्विता की खूबसूरती है। ऑस्ट्रेलिया और भारत के बीच टेस्ट मैच अब क्रिकेट ही नहीं बल्कि विश्व खेलों में सबसे बड़ी प्रतिद्वंद्विता है।

# पहले दिन ही बाहर हुए चीनी पैडलर्स

एजेंसी




**किताक्यूशू, जापान।** जापान के फुकुओका में 2024 विश्व टेबल टेनिस (डब्ल्यूटीटी) फाइनल के पहले दिन बुधवार को चीनी पैडलर्स को शुरूआती दौर में ही बाहर होना पड़ा। पुरुषों के एकल वर्ग के मुख्य मुकाबले में लियांग जिंगकुन का सामना जापान के तोमोकाजू हरिमोटो से हुआ। हरिमोटो ने पहला सेट 11-7 से जीता और फिर 11-6 से दूसरा सेट जीतकर अपनी बढ़त को और मजबूत किया। हालांकि लियांग ने तीसरे सेट में 11-9 से वापसी की, लेकिन हरिमोटो ने चौथे सेट में 12-10 से जीत दर्ज करके अपनी जीत पक्की कर ली।

जीत दर्ज करने के बाद हरिमोटो ने कहा,?वरीयता प्राप्त प्रतिद्वंद्वी का सामना करते हुए, मुझे पता था कि यह कठिन होगा। शुरूआत में पिछड़ने के बाद, मैंने इसे बिंदु दर बिंदु आगे बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया। मैं इस खिताब को जीतने के लिए दृढ़ संकल्पित हूं, खासकर इसलिए क्योंकि यह साल का अंतिम टूनार्मेंट है। एक अन्य चीनी प्रतियोगी, लिन गाओयुआन को स्लोवेनिया के डार्को जोर्गिक से 0-3 से हार का सामना करना पड़ा, जिससे उनका अभियान समय से पहले ही समाप्त हो गया। महिला एकल में चीन की कियान तियानी और वांग यिदी दोनों आगे बढ़ीं। कियान ने प्यूर्टो रिको की एड्रियाना डियाज को सीधे सेटों में हराया, जबकि वांग ने चीनी ताइपे की चेंग आई-चिंग को 3-1 से हराया। लेकिन युगल स्पधाओं में भी चीन को बड़ा उलटफेर देखने को मिला।

पुरुष युगल में चीन के जियांग पेंग और युआन लिसेन क्वार्टर फाइनल में सिंगापुर के पैंग यू एन कोएन/इजाक क्वेक से 0-3 से हार गए। महिला युगल में चीन की शीर्ष वरीयता प्राप्त सुन यिंगशा और वांग यिदी को जापान की डिफेंसिव जोड़ी हितोमी सातो और होनोका हाशिमोटो ने 1-3 से हराया, जबकि कोरिया की दुनिया की नंबर 1 जोड़ी शिन यू-बिन और जियोन जी-ही भी जापान की सकुरा योकोई और सतसुकी ओडो से 0-3 से हारकर बाहर हो गई। डब्ल्यूटीटी फाइनल 20 से 24 नवंबर तक चलेगा।



स्लोवेनिया में सीईवी वॉलीवाल कप में खेलते हुए खिलाड़ी।



# आया मौसम गाजर का

मैदानी क्षेत्रों में एशियायी किस्में अगस्त-सितम्बर माह और यूरोपियन किस्में अक्टूबर-मध्य दिसम्बर तक बोयी जाती हैं। बीजों को 15 दिनों के अंतराल से बोया जाता है। ताकि नियमित आपूर्ति सुनिश्चित हो सके। पर्वतीय क्षेत्रों में मार्च से जून तक बोनी की जा सकती है।

- **भूमि एवं तैयारी**- अच्छी जल निकास सुविधा वाली गहरी दोमट-भुरभुरी मिट्टी जिसमें कार्बनिक खाद की पर्याप्त मात्रा हो, गाजर की खेती के लिये उपयुक्त होती है। मृदा का पीएच मान 6.5 उपयुक्त होता है। चिकनी मिट्टी में गाजर की जड़ें, कठोर, कुरूप और कई रेशेदार जड़ों वाली बनती हैं।
- **बीज एवं बुवाई / समय**- मैदानी क्षेत्रों में एशियायी किस्में अगस्त-सितम्बर माह और यूरोपियन किस्में अक्टूबर-मध्य दिसम्बर तक बोयी जाती हैं। बीजों को 15 दिनों के अंतराल से बोया जाता है। ताकि नियमित आपूर्ति सुनिश्चित हो सके। पर्वतीय क्षेत्रों में मार्च से जून तक बोनी की जा सकती है।
- **बीज दर** - बीज ग्रेडेड और बड़े आकार के हों तथा अंकुरण 90 प्रतिशत होने पर सामान्यतया 7 से 8 कि.ग्रा. बीज प्रति हेक्टर लगता है।
- **किस्में**- पूसा केशर, पूसा मेघाली, गाजर नं.29, चयन नं. 233, पूसा यमदग्नि, चेन्टनी, नेन्टस
- **बीजोपचार**- गाजर के बीजों को थाइरम 2 ग्राम एवं कार्बेन्डाजिम 1 ग्राम के मिश्रण से प्रति किलो बीज दर से बीजोपचार करना चाहिये।
- **बुवाई विधि**- गाजर के बीज समतल क्यारियों में अथवा मेड़ों पर बोये जा सकते हैं। अच्छे अंकुरण के लिये बुवाई पूर्व खेत की सिंचाई कर देनी चाहिये। कतारें 30 से.मी. और पौधे से पौधे 10 से.मी. पर होने चाहिये। बीजों को 2.0 से.मी. से अधिक गहराई पर न बोंये। मेढ़ में बोनी अच्छी पैदावार देने में सहायक होती है।
- **खाद एवं उर्वरक**- सामान्यतया 25-30 टन कम्पोस्ट या गोबर की खाद को एक माह पूर्व खेत में फैलाकर मिला दें। आधार खाद के रूप में 47 कि.ग्रा. यूरिया 313 कि.ग्रा. सिंगलसुपर फास्फेट एवं 167 किलो म्यूरेटा पोटाश प्रति हे. दें। खड़ी फसल में बीज बुवाई के 30-40 दिन बाद यूरिया कि.ग्रा. नत्रजन की पूर्ति करें।
- **सिंचाई**- बीज बोते समय नमी उचित मात्रा में रखने के लिये बुवाई पूर्व सिंचाई की जानी चाहिये। पहली सिंचाई बीज बोने के 10-12 दिन बाद जब बीज अंकुरित हो जाये तब करें। बाद में फसल को 12-15 दिनों के अंतर से सिंचाई करें। कभी भी सिंचाई करते समय अधिक पानी न दें।
- **निंदाई-गुड़ाई**- गाजर की फसल में पहली निंदाई-गुड़ाई 20 से 25 दिन बाद करनी चाहिये। इसके खरपतवार नियंत्रण के साथ-साथ जड़ों के उचित विकास के लिये मृदा में वायु संचार बढ़ जाती है। एलाक्लोर (लासो) 4 लीटर 800 लीटर पानी में घोलकर बीज बोने के बाद किंतु अंकुरण के पूर्व छिड़काव कर नींदा नियंत्रण किया जा सकता है। दूसरी बार निंदाई-गुड़ाई बीज बोने के 40-45 दिन बाद करनी चाहिये।
- **खुदाई**- जड़ों के विपणन योग्य आकार के हो जाने के बाद तुरंत ही बाजार में भेजना चाहिये अन्यथा वह कठोर और उपयोग योग्य नहीं रह जाती है। जड़ों को उखाड़ने के पूर्व हल्की सिंचाई कर दें। एशियाई किस्मों के जड़ों का ऊपरी भाग का व्यास जब 2.5 से 5.0 से.मी. का हा जाये तब उन्हें खोद लेना चाहिये। जड़ें हाथ से खींचकर या फावड़े की मदद से खोदी जा सकती हैं।
- **पैदावार**- एशियाइ किस्मों की पैदावार यूरोपियन किस्मों की तुलना में अधिक प्राप्त होती है। औसतन 150-200 क्विं./हे. पैदावार प्राप्त हो जाती है।



# सर्वोत्तम चारा ल्यूसर्न

हरा चारा खिलाने से कई लाभ होते हैं। दुधारू पशु को इससे महत्वपूर्ण पोषक द्रव्य प्रोटीन, शर्करा, खनिज, जीवन सत्व मिलते हैं। हरा चारा स्वादिष्ट होता है अतः पशु उसे चाव से खाता है तो जाहिर हैं कि उसको शुष्क पदार्थ भी मिलते हैं। चारा पाचक होता है अतः पशु का पाचन भी ठीक रहता है लेकिन 'अति सर्वत्र वर्जयेत' इस कहावत अनुसार 30 से 35 किलो प्रति पशु प्रतिदिन इससे ज्यादा हरा चारा नहीं खिलाये क्योंकि इससे उन्हें आफरा (पेट में गैस वायु इकट्ठा होना) की शिकायत हो सकती है।

हरा चारा खिलाने से कई लाभ होते हैं। दुधारू पशु को इससे महत्वपूर्ण पोषक द्रव्य प्रोटीन, शर्करा, खनिज, जीवन सत्व मिलते हैं। हरा चारा स्वादिष्ट होता है अतः पशु उसे चाव से खाता है तो जाहिर हैं कि उसको शुष्क पदार्थ भी मिलते हैं। चारा पाचक होता है अतः पशु का पाचन भी ठीक रहता है लेकिन 'अति सर्वत्र वर्जयेत' इस कहावत अनुसार 30 से 35 किलो प्रति पशु प्रतिदिन इससे ज्यादा हरा चारा नहीं खिलाये क्योंकि



इससे उन्हें आफरा (पेट में गैस वायु इकट्ठा होना) की शिकायत हो सकती है। हरे फलीधारी चारे में रबी में काश्तयोग्य एक चारा हैं ल्युसर्न। इसे आंग्लभाषा में अल्फा अल्फा कहते हैं। इसका अरबी भाषा में अर्थ हैं सर्वोत्तम।

- **जलवायु** - इस चारा फसल की काश्त राजस्थान के अत्यधिक गर्म प्रदेश से लद्दाख के अति ठंडे प्रदेश में भी की जा सकती है। ठंडी जलवायु इस फसल को सुहाती है। यह जिस मिट्टी में पानी की अच्छी तरह से निकासी होती हैं। ऐसी मिट्टी में बढ़िया बढ़ती है। खेत में पानी का जमाव इसे नुकसानदेह होता है।
- **काश्त** - इस चारा फसल को बोने हेतु अक्टूबर तथा नवम्बर के अंत तक का समय ठीक रहता है। खेत में एक गहरी जुताई कर भुरभुरी मिट्टी की क्यारियां बनायें। खेत समतल बनायें ताकि पानी की निकासी ठीक से हो।
- **बीज प्रक्रिया**- ल्यूसर्न के बीजों का सतही कवच जरा कठिन होता हैं। जिससे अंकुरण ठीक से नहीं हो पाता। अतः बीज को बुआई से पहले (छह से आठ घंटे पहले) पानी में भिगोकर रखें। इसके बाद बीज को राइजोबियम मेलिलोटी नामक जीवाणु संवर्धक से उपचारित कर सकते हैं। यह खास ल्यूसर्न के लिए किया जाता है। फिर बीज छाया में सुखायें।
- **बुआई**- बीज प्रक्रिया के छह से आठ घण्टे बाद अगर शुष्क तथा अर्धशुष्क इलाका हैं जहां तलछटी वाली मिट्टी है तो खेत समतल बनाकर बीज को खेत में ऐसे ही बिखेर सकते हैं। इसके बाद उसे बखर हल्के से चलाकर मिट्टी में मिलायें।
- **इसके** अलावा ल्यूसर्न बीज को बुआई यंत्र द्वारा सीधी कतारों में 30 से 35 सेंटीमीटर दूरी पर बो सकते हैं। अगर ज्यादा बरसात वाला इलाका है जहां खेत में पानी भर जाता हैं तो खेत में (रिजेस) बनायें जो एक- दूसरे से 50 से 60 सेंटीमीटर दूर हो। फिर बुआई यंत्र से बुआई करें।
- **खाद**- ल्यूसर्न फसल की अच्छी बढ़वार हेतु उसे फास्फोरस, पोटेशियम, कैल्शियम तथा गंधक (सल्फर) की ज्यादा जरुरत होती है। अतः बुआई के समय 18 किलो नत्रजन, 70 से 75 किलो फॉस्फेट, 40 किलो पोटेशियम और 150 ग्राम सोडियम मॉलीबडेट मिट्टी में डालकर सिंचाई करें। इससे पहले मिट्टी में 20 से 25 टन अच्छी तरह पकी गोबर खाद जिसमें ह्युमस भरपूर है। वह प्रति हेक्टर में डाले और मिट्टी में मिलायें।
- **सिंचाई** - ल्यूसर्न को नमी की जरुरत होती है। अतः जरुरत अनुसार हर हफ्ते 1 या 2 हल्की सिंचाई दें। बुआई के तुरंत बाद सिंचाई करें ताकि अंकुरण अच्छा हो। जाड़े में 15 से 20 दिन के अंतराल से सिंचाई करें।
- **कटाई**- जब फसल में फलियां आती हैं तब आखिरी में से लेकर जब फसल के दसवें भाग में फूल आते हैं तब पहली कटाई कर सकते हैं।

# पालक



पालक की खेती लवणीय भूमि में भी होती है। हल्की क्षारीय मिट्टी को भी सहन कर लेती है। इसके लिए खेत की कई बार जुताई करके तथा पाटा चलाकर अच्छी तरह भुरभुरा बना लें। बुवाई पूर्व खेत में क्यारियां तथा सिंचाई की नालियां बना लें।

## उन्नत किस्में

पूसा भारती, पूसा हरित, आल ग्रीन, पूसा ज्योति, जोबनेर ग्रीन।

**खाद एवं उर्वरक**- बुवाई से 15 से 20 दिन पूर्व प्रति हेक्टेयर 20 गाड़ी अच्छी सड़ी हुई गोबर खाद डालकर खेत में अच्छी तरह मिला दें। बुवाई से पूर्व किलो नत्रजन, 40 किलो फास्फोरस एवं 40 किलो पोटाश प्रति हेक्टेयर की दर से मिट्टी में मिला दें। नत्रजन की इतनी ही मात्रा खड़ी फसल में बराबर भागों में बांटकर पहली एवं दूसरी कटाई के बाद या अधिक कटाई होने पर प्रत्येक दो कटाइयों के बाद दें।

**बुवाई एवं बीज की मात्रा**- एक हेक्टेयर खेत की बुवाई के लिए लगभग 25 से 30 किलो बीज की आवश्यकता होती है। प्रायः बीजों को खेत में छिटकवां विधि से बोते हैं। परंतु पंक्तियों में बोना अधिक लाभप्रद होता है। इस विधि में पंक्तियों से पंक्तियों की दूरी 20 सेंटीमीटर तथा पौधे से पौध की दूरी 5 से 7 सेंटीमीटर रखते हैं। बीज को 3 से 4 सेंटीमीटर की गहराई पर बोते हैं। बुवाई के समय मिट्टी में पर्याप्त नमी होनी चाहिए। अगर नमी कम हो तो बुवाई के कुछ दिन बाद हल्की सिंचाई कर दें ताकि बीजों का जमाव ठीक प्रकार से हो सके। बीज 8 से 10 दिन में अंकुरित हो जाते हैं।

रबी की फसल के लिए बुवाई सितम्बर मध्य से दिसम्बर मध्य तक की जा सकती है। पालक की बुवाई गर्मी तथा खरीफ के मौसम में भी की जा सकती है लेकिन इन दोनों मौसमों में बुवाई के बाद केवल एक कटाई ही लें तथा फिर दुबारा बुवाई करें। इस प्रकार इन मौसमों में बार-बार बुवाई कर इसकी खेती की जा सकती है।

**सिंचाई एवं निराई-गुड़ाई**- बुवाई के तुरंत बाद हल्की सिंचाई करें। पत्तियों की अधिक लगातार वृद्धि के लिए मिट्टी में पर्याप्त नमी हों। अतः थोड़े-थोड़े अंतराल पर हल्की सिंचाई करते रहें। पालक की फसल में काफी सिंचाई की आवश्यकता होती है अतः मौसम, मिट्टी एवं फसल की आवश्यकतानुसार 6 से 10 दिन के अंतर पर हल्की सिंचाई करते रहें। खरपतवारों के नियंत्रण के लिए 2 से 3 निराई-गुड़ाई करना जरुरी होता है।

**कटाई एवं उपज**- पालक बुवाई के 3 से 4 सप्ताह बाद पहली कटाई के लिए तैयार हो जाते हैं। पत्तियों को पूर्ण आकार की हो जाने के बाद जब वे पूरी तरह हरी, कोमल तथा रसीली अवस्था में हों तो जमीन की सतह से 5 से 7.5 सेंटीमीटर ऊपर से ही काट लेते हैं। इसके बाद 15 से 20 दिन के अंतर पर कटाई करते हैं। किस्म के अनुसार 6 से 8 कटाई हो जाती है। औसत उपज 100 क्विंटल प्रति हेक्टेयर होती है।

**जलवायु**- यह प्रमुख रूप से सर्दी (रबी) के मौसम की फसल है। अन्य सब्जियों की अपेक्षा पालक में पाला सहने की क्षमता अधिक होती है तथा यह प्रतिकूल परिस्थितियां अधिक सहन कर सकता है। गर्मी एवं खरीफ के मौसम में भी इसकी खेती की जा सकती है परंतु अधिक गर्मी रहने पर बीज डण्ठल शीघ्र आ जाते हैं तथा सिर्फ एक ही बार पत्तियों की कटाई हो पाती है। उन क्षेत्रों में जहां अधिक गर्मी नहीं पड़ती है वहां इसे सालभर लगा सकते हैं।

**भूमि एवं खेत की तैयारी**- पालक की अच्छी खेती के लिए बलुई दोमट या दोमट मिट्टी बहुत उपयुक्त है। वैसे इसकी खेती चिकनी मिट्टी में सफलतापूर्वक की जा सकती है।

# ककोड़ा

ककोड़ा एक रुचिकारक गर्म, वात, कफ और पित्तनाशक सब्जी है। इसका फल कफ, खांसी, अरुचि, वात, और हृदयशूल को दूर करता है। उन्नत किस्में- इसकी दो प्रचलित किस्में हैं- छोटा ककोड़ा व बड़ा ककोड़ा। छोटा ककोड़ा किस्म के फल आकार में गोल व छोटे होते हैं तथा दोनों सिरे नुकीले तथा लम्बे होते हैं। बड़ा ककोड़ा किस्म के फल आकार के बड़े, कम बीज वाले व गोल होते हैं। छोटा ककोड़ा की मांग बाजार में ज्यादा रहती है। बड़ा ककोड़ा किस्म में पैदावार अधिक मिलती है।

जलवायु- इसके लिए आर्द्र तथा गरम जलवायु उपयुक्त रहती है। वृद्धि एवं उपज 32 से 40 डिग्री तापमान पर अच्छी होती है।

भूमि एवं खेत की तैयारी- साधारणतया इसके पौधे ऐसी भूमि में उगाए जा सकते हैं जिसमें जल निकास की उचित व्यवस्था हो। वैसे बलुई दोमट भूमि इसके लिए सर्वोत्तम पाई गई है। सिंचाई की उचित व्यवस्था होनी चाहिए। हल चलाकर खेत अच्छी तरह तैयार कर लें।

लगाने की विधि- बीजों से लगाने पर फल भी 1-2 वर्ष बाद आते हैं। अत: ककोड़ा को वानस्पतिक विधि से ही उगाया जाना चाहिए। इस विधि से 2-3 माह बाद ही बेलें फल देने लगती हैं।

वानस्पतिक प्रसारण विधि- प्रथम विधि- दो वर्ष की बेल की जड़ें कन्द जैसी हो जाती हैं। जिन पर कई कंद पाये जाते हैं। कंद को अलग-अलग करने का समय फरवरी-मार्च व जून-जुलाई होता है। कंद केवल मादा पौधा ही लेने चाहिए।

द्वितीय विधि- इस विधि में मादा पौधों से 2-3 माह पुरानी बेल से 30-40 सेंटीमीटर लम्बी कतारें बनाकर किसी छायादार स्थान पर लगा दें। इन कलमों में 60-80 दिनों में जड़ें फूट जाती हैं तथा इस अवस्था में इन्हें खेत में लगा दें। इसके बाद उन्हें मिट्टी के साथ उठाकर खेत में प्रतिस्थापित कर दिया जाता है।

खाद-उर्वरक एवं रोपाई- प्रत्येक क्यारी में 30-40 किलो गोबर खाद खेत की तैयारी करते समय मिलायें। बाद में मार्च-अप्रैल में 20-30 ग्राम यूरिया प्रति पौधा दें। 3×2 वर्गमीटर की दूरी पर क्यारियों, दीवारों या बाड़ के पास थाला बना लें। इनमें पौधों का कंदों को लगाएं। 4-5 मादा पौधों के साथ एक नर पौधा भी लगाना आवश्यक है। फल बनते समय पुन: 20-30 ग्राम यूरिया प्रति पौधा दिया जाना चाहिए। ककोड़ा का फल नई फुटान तथा बढ़वार पर ही लगता है। अत: इनमें प्रति थांवला, प्रति वर्ष फूल आने के समय 3-4 किलो गोबर खाद तथा 20-30 ग्राम नाइट्रोजन डालकर पानी दें।

सिंचाई- ग्रीष्मकाल में साधारणतया 6-10 दिन के अंतर पर सिंचाई की जाती है। बरसात में सिंचाई की आवश्यकता नहीं होती। वर्षाकाल में अधिक जल को फसल से निकालना आवश्यक होता है।





# कंगुवा की जबर्दस्त ट्रोलिंग के बीच सूर्या को मिला आर माधवन का साथ

सूर्या की 14 नवंबर को रिलीज हुई फिल्म कंगुवा को दर्शकों से मिली-जुली प्रतिक्रियाएं मिली हैं। सकारात्मक प्रतिक्रियाओं के बीच शिवा निर्देशित इस फिल्म को नकारात्मक प्रतिक्रियाएं भी मिली हैं। फिल्म के निर्माताओं को ट्रोल भी किया गया। ये नकारात्मक प्रतिक्रियाएं फिल्म में शोरगुल, अन्य अभिनेताओं को कम स्क्रीन समय, कथानक में गहराई की कमी और बहुत कुछ की शिकायतों पर आधारित हैं। इन सबके बीच आर माधवन ने फिल्म को देखने के बाद इसकी समीक्षा साझा करते हुए फिल्म की बहुत प्रशंसा की।

## माधवन ने की सूर्या की तारीफ

कंगुवा के पोस्टर के साथ अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक पोस्ट साझा करते हुए आर. माधवन ने बताया कि उन्होंने हाल ही में एक सिनेमाघर में फिल्म देखी और सूर्या को अपना भाई बताया। साथ ही उन्होंने बताया कि वे फिल्म में सूर्या के प्रयासों और कड़ी मेहनत से वे पूरी तरह प्रभावित हुए। फिल्म की पूरी टीम द्वारा किए गए इस प्रयास को कम नहीं बताते हुए आर माधवन ने लिखा, कल रात कंगुवा को बड़े पर्दे पर देखा और अपने प्यारे भाई के प्रयास और प्रतिबद्धता से दंग रह गया..उनका पूर्ण समर्पण और बिना किसी समझौते के उत्साह फॉलो करने जैसा है और मैं चाहता हूं कि मैं उसका आधा भी कर सकूं, जो सूर्या ने किया है। पूरी कास्ट क्रू द्वारा किया गया एक हरक्यूलिस प्रयास। निश्चित रूप से एक नाटकीय पल है।

## ज्योतिका ने दिया सूर्या का साथ

सूर्या अभिनीत फिल्म के प्रति नकारात्मक समीक्षाओं के मद्देनजर अभिनेता की पत्नी ज्योतिका ने मामले को अपने हाथों में लिया और हाल ही में अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक पोस्ट साझा किया। अभिनेत्री ने लोगों से फिल्म के प्रति आंख मूंदकर नफरत न फैलाने का आग्रह किया, क्योंकि यह फिल्म बहुत से लोगों की कड़ी मेहनत का नतीजा है। इसके विपरीत, उन्होंने अपने पति की फिल्म और अभिनय पर गर्व किया और इस बात पर बात की कि कैसे फिल्म के कई अच्छे हिस्सों को नजरअंदाज किया जा रहा है, इसे फिल्म के खिलाफ योजनाबद्ध नकारात्मक प्रचार कहा।

## फिल्म के कलाकार

निर्देशक सिरुथाई शिवा की कंगुवा एक महत्वाकांक्षी फैंटसी एक्शन फिल्म थी। फिल्म में सूर्या और बॉबी देओल के अलावा दिशा पाटनी, नटराजन सुब्रमण्यम, जगपति बाबू, योगी बाबू, रेडिन किंग्सले, कोवई सरला, आनंदराज, मारीमुथु, दीपा वेंकट, रवि राघवेंद्र और केएस रविकुमार सहायक भूमिकाओं में नजर आए हैं।



# कृति सेनन ने कबीर को दी जन्मदिन की शुभकामनाएं, क्या अपने रिश्ते को कर रही हैं खुलकर स्वीकार?

कृति सेनन ने पिछले दिनों एक फिल्म दो पत्ती की। इसमें काजोल जैसी नामी अभिनेत्री भी अहम भूमिका में नजर आईं। तमाम कोशिशों के बावजूद भी यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर नहीं चली। वैसे कृति सिर्फ अपनी फिल्मों के कारण ही खबरों में नहीं बनी हुई हैं वह अपने एक रिलेशनशिप को लेकर भी चर्चा में हैं। अब तक कृति ने इस रिश्ते को स्वीकार तो नहीं किया है। लेकिन उन्होंने कबीर को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट के जरिए एक प्यारा सा जन्मदिन का संदेश भेजा है। इसके बाद से ही फैंस ने कहना शुरू कर दिया है कि कृति और कबीर ने अपना रिश्ता कबूल कर लिया है।


## कृति ने प्यार से कहा जन्मदिन

कृति ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर कबीर बहिया के साथ एक फोटो अपनी स्टोरी पर लगाया और उस पर एक प्यारा सा संदेश भी लिखा। कृति लिखती हैं-जन्मदिन मुबारक हो कबीर। आपकी मासूम मुस्कान हमेशा कायम रहे। इसके अलावा उन्होंने रेड हार्ट वाला इमोजी भी अपने संदेश के साथ लगाया। इस रेड हार्ट वाले इमोजी के कारण ही फैंस ने कहना शुरू कर दिया है कि कृति ने कबीर के साथ अपने रिश्ते को खुलकर स्वीकार किया है।



## कृति ने चुप्पी साधी हुई है

यह पहली बार नहीं है कि कृति कबीर के साथ सोशल मीडिया पर फोटो शेयर कर रही हैं। इससे पहले भी वह कई मौकों पर कबीर के साथ फोटोज साझा कर चुकी हैं। लेकिन जब भी कोई उनसे कबीर के साथ रिश्ते को लेकर बात करता है तो वह चुप्पी साध लेती हैं इस पर खुलकर नहीं बोलती हैं।



# जान्हवी कपूर के साथ आरसी 16 की शूटिंग में शामिल होंगे राम चरण



आरसी 16 इस साल की की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है, जिसमें राम चरण और जान्हवी कपूर मुख्य भूमिकाओं में हैं। फिल्म से जुड़ी छोटी से छोटी जानकारी का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। इस फिल्म के लिए राम चरण और निर्देशक बुची बाबू ने उप्पेना के बाद फिर हाथ मिलाया है। उनकी पहली फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर साबित हुई थी। वहीं अब प्रशंसकों का उत्साह बढ़ाने के लिए एक और दिलचस्प जानकारी सामने आई है, जो फिल्म की शूटिंग को लेकर है। राम चरण बॉलीवुड अदाकारा जान्हवी कपूर के साथ अपने अगले प्रोजेक्ट आरसी 16 की शूटिंग शुरू करने के लिए तैयार हैं। बहुप्रतीक्षित ग्रामीण खेल ड्रामा फिल्म 22 नवंबर को मैसूर में अपना पहला शेड्यूल शुरू करेगी। रिपोर्ट्स के अनुसार, यह शुरुआती शेड्यूल संक्षिप्त होगा, जिसमें कुछ प्रमुख दृश्यों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। प्रशंसक राम चरण और निर्देशक बुची बाबू सना के बीच सहयोग का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, जिन्होंने ब्लॉकबस्टर उप्पेना से लोकप्रियता प्राप्त की।

## जल्द होगा फिल्म के नाम का खुलासा

प्रोडक्शन हाउस ने सोशल मीडिया पर अभिनेता का पोस्टर साझा कर कैप्शन में लिखा था, शिवा राजकुमार एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे, जो उनके कद के अनुरूप है। वृद्धा सिनेमा, मैत्री मूवी मेकर्स के साथ मिलकर आरसी 16 का निर्माण कर रही है। फिल्म में एआर रहमान म्यूजिक कंपोजर हैं। आने वाले दिनों में निर्माता फिल्म के नाम और टीजर के साथ साथ ट्रेलर की जानकारी जल्द ही साझा करेंगे।



# आमिर ने की कार्तिक की फिल्म की तारीफ

इस वर्ष दिवाली पर दो बॉलीवुड की दो बड़ी फिल्में बॉक्स ऑफिस पर टकराईं। यह दो फिल्में थीं रोहित शेट्टी की 'सिंघम अगेन' और कार्तिक आर्यन अभिनीत अनीस बज्मी की 'भूल भुलैया 3', दोनों फिल्मों के एक साथ रिलीज होने से इनकी कमाई पर भी असर पड़ा। इन्हें रिलीज हुए तीन हफ्ते हो चुके हैं और आंकड़े बता रहे हैं कि 'भूल भुलैया 3' ने बॉक्स ऑफिस पर बाजी मार ली है। यहां तक की अभिनेता आमिर खान को भी लगता है कि 'भूल भुलैया 3' बेहतर थी। वायरल हो रही छोटी क्लिप में आमिर खान को निर्देशक अनीस बज्मी से बात करते हुए सुना जा सकता है। आमिर कह रहे हैं, उन्होंने आपकी भूल भुलैया से टक्कर लेकर गलती कर दी। आंकड़ों की बात करें तो 'भूल भुलैया 3' ने भारत में बॉक्स ऑफिस पर 231.4 करोड़ रुपये 17 दिनों में कमाए हैं। वहीं 'सिंघम अगेन' ने 231.26 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है।



# गदर 2 को लेकर अमीषा पटेल ने किया बड़ा खुलासा, फिल्म के क्लाइमेक्स को लेकर दिया ये बयान

पिछले साल रिलीज हुई ब्लॉकबस्टर फिल्म गदर 2 से सनी देओल ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार वापसी की थी। इस फिल्म से उन्होंने बॉलीवुड के बॉक्स ऑफिस सूखे को भी खत्म कर दिया था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 600 करोड़ रुपये से भी ज्यादा की कमाई की थी। हाल में ही अब इस फिल्म में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली अभिनेत्री अमीषा पटेल ने कई दिलचस्प जानकारियां साझा की हैं। उन्होंने कहा कि फिल्म के क्लाइमेक्स को उनकी जानकारी के बिना ही बदल दिया गया था।

## अमीषा को बिना बताए क्लाइमेक्स को बदला गया था

अभिनेत्री ने यह जानकारी साझा करते हुए बताया कि फिल्म के निर्देशक अनिल शर्मा को भी अब इस बदलाव का पछतावा है। उन्होंने अपने एक्स अकाउंट पर लिखा, हां सकीना को निर्देशक ने बताया था कि वह खलनायक को मार देगी, लेकिन क्लाइमेक्स की शूटिंग मेरी जानकारी के बिना हुई। जो बीत गया सो बीत गया। अनिल जी परिवार जैसे हैं और उन्हें भी इस बात का एहसास है। मुझे यकीन है कि अब उन्हें भी बुरा लग रहा होगा। गदर 2 ने पहले ही इतिहास रच दिया है। अब आगे बढ़ने का समय है।

## अमीषा ने बताया था कुछ दृश्यों को किया था निर्देशित

इससे पहले भी एक इंटरव्यू में, अमीषा पटेल ने खुलासा किया था कि उन्होंने और सनी देओल ने गदर 2 में कई बदलाव किए हैं। हालांकि, उन्होंने फिल्म पर पूरा नियंत्रण होने का दावा करने से इनकार कर दिया था। उन्होंने कहा था कि फिल्म के कुछ हिस्सों को उन्होंने निर्देशित किया था, ताकि फिल्म दर्शकों के लिए एक भावपूर्ण अहसास बनी रहे, जिसके बाद फिल्म के कुछ प्रमुख दृश्यों में बदलाव किया गया।

## मतभेद के बावजूद एक दूसरे के प्रति रखते हैं गहरा सम्मान

अभिनेत्री ने फिल्म के निर्देशक अनिल शर्मा के साथ रचनात्मक मतभेदों के बावजूद उनके प्रति गहरा सम्मान जताया है। उन्होंने मूल गदर की शूटिंग के समय को भी याद करते हुए कहा कि कैसे, अपने लंबे शूटिंग शेड्यूल के दौरान भी, वे अक्सर सहायक निर्देशकों के माध्यम से अपने विचारों का आदान-प्रदान करते थे। उन्होंने कहा कि उनके बीच मतभेद थे, लेकिन वो हमेशा आपस में अपने झगड़ों का निपटारा कर सुलह कर लेते थे।



# आर्यन खान की सीरीज की घोषणा के बाद सितारों ने दी बधाई, कंगना रणौत और करण जौहर ने बढ़ाया हौसला

बॉलीवुड में 'किंग खान' के नाम से मशहूर शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान ने बतौर निर्देशक डेब्यू किया है। उनके डेब्यू करने की घोषणा के बाद से ही फिल्म इंडस्ट्री के कई सितारों ने आर्यन खान को शुभकामनाएं दी और उनका हौसला बढ़ाया। इस सूची में कंगना रणौत, करण जौहर समेत कई बड़े सितारे शामिल हैं। उन्हें आलिया भट्ट, सुहाना खान, अनन्या पांडे और शनाया खान ने बधाई दी है। इन सभी ने इंस्टाग्राम पर आर्यन को टैग करते हुए नोट साझा किया है।



## करण जौहर और सुहाना ने की तारीफ

वहीं, करण जौहर पोस्ट करते हुए लिखा, लव यू, आर्यन!!!! मुझे तुम पर बहुत बहुत गर्व है और दुनिया को तुम्हारी बेहतरीन सीरीज देखने का बेसब्री से इंतज़ार है.!!!! यह धमाल मचाने वाली है!!! आर्यन की बहन सुहाना खान ने लिखा, बहुत सारी हंसी, ड्रामा, एक्शन और थोड़ी बहुत परेशानी-जैसा कि हमेशा तुम्हारे साथ होता है। मैं इंतज़ार नहीं कर सकती! बहुत गर्व है।

## कंगना रणौत ने बढ़ाया हौसला




अभिनेत्री कंगना रणौत ने आर्यन के डेब्यू की खबर साझा करते हुए अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर लिखा, यह बहुत अच्छा है कि फिल्मी परिवारों के बच्चे सिर्फ मेकअप करने, वजन कम करने, सजने-संवरने और खुद को एक्टर समझने की चाहत से आगे बढ़ रहे हैं। हमें मिलकर भारतीय सिनेमा के मानकों को ऊपर उठाना चाहिए, यही समय की मांग है। और जिनके पास संसाधन हैं, वह अक्सर आसान रास्ते अपनाते हैं। हमें कैमरों के पीछे और लोगों की जरूरत है, अच्छा है कि आर्यन खान कम इस्तेमाल किए जाने वाले रास्ते अपना रहे हैं। एक लेखक और फिल्म निर्माता के रूप में उनके डेब्यू का बेसब्री से इंतजार है।

## आलिया, अनन्या और शनाया ने भी दी शुभकामनाएं

अभिनेत्री आलिया भट्ट ने नेटफ्लिक्स पोस्ट को साझा किया और लिखा, इंतजार नहीं कर सकती! और अनन्या पांडे ने लिखा, ओह, तुम इसके लिए तैयार नहीं हो। तुम्हारे लिए उत्साहित हूं आर्यन। वहीं, शनाया कपूर ने लिखा, आर्यन तुम पर बहुत गर्व है!!! इसके लिए इंतजार नहीं कर सकती!

## शाहरुख ने की घोषणा



शाहरुख खान ने अपने बेटे आर्यन खान के निर्देशक के तौर पर डेब्यू वाली इस सीरीज की घोषणा अपने एक्स अकाउंट पर की। उन्होंने लिखा, यह एक खास दिन है जब दर्शकों के लिए एक नई कहानी पेश की जा रही है। आज का दिन और भी खास है क्योंकि, रेड चिलीज एंटरटेनमेंट और आर्यन खान नेटफ्लिक्स पर अपनी नई सीरीज दिखाने के लिए अपनी यात्रा पर निकल पड़े हैं। यह सीरीज 2025 को नेटफ्लिक्स पर प्रसारित होगी।

# टूरिज्म, स्टार्टअप और टेक्नोलॉजी में निवेश करेगा ऑस्ट्रिया

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** ग्रेटर नोएडा के लिए बृहस्पतिवार का दिन बहुत खास रहा। पहली बार ऑस्ट्रिया का 24 सदस्यीय सरकारी प्रतिनिधिमंडल ग्रेटर नोएडा पहुंचा। उत्तर प्रदेश में निवेश की उम्मीदों के बीच नोएडा,

## प्रतिनिधिमंडल ने यूपी में साझा निवेश व परस्पर सहयोग की इच्छा जताई

ग्रेटर नोएडा और यमुना प्राधिकरण और इनवेस्ट यूपी के अधिकारियों ने उपलब्ध संसाधनों और सरकारी नीतियों पर प्रतिनिधिमंडल के समक्ष प्रस्तुतिकरण दिया। प्रतिनिधिमंडल ने टूरिज्म, स्टार्टअप, कौशल विकास, रिसर्च, ड्रोन और टेक्नोलॉजी पर निवेश की इच्छा जताई। बतौर मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद मिथिलेश कुमार कठेरिया भी इस दौरान मौजूद रहे।

ऑस्ट्रिया के टाइरोल इकोनॉमिक चैंबर के वाइस प्रेसीडेंट मैनफ्रेड प्लेजर के नेतृत्व में 24 सदस्यों का सरकारी प्रतिनिधिमंडल तीन दिवसीय दौरे पर भारत आया है। यह प्रतिनिधिमंडल ऑस्ट्रिया के निवेषकों के लिए टूरिज्म, स्टार्टअप, कौशल विकास, रिसर्च, ड्रोन और टेक्नोलॉजी आदि क्षेत्र में निवेश की संभावनाएं तलाशने भारत आया है। बंगलुरू भ्रमण के बाद प्रतिनिधिमंडल बृहस्पतिवार को ग्रेटर नोएडा पहुंचा।

ग्रेटर नोएडा के जेपी रिसॉर्ट में प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक का आयोजन किया गया। ऑस्ट्रिया दूतावास के






अधिकारीगण भी इस बैठक में शामिल रहे। उत्तर प्रदेश सरकार की तरफ से नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना प्राधिकरण और इनवेस्ट यूपी के अधिकारियों ने प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक की। राज्यसभा सांसद मिथिलेश कुमार कठेरिया की अध्यक्षता में ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार, एसीईओ सौम्य श्रीवास्तव, एसीईओ प्रेरणा सिंह, यीडा की एसीईओ श्रुति व ओएसडी शैलेंद्र भाटिया, नोएडा के एसीईओ संजय खत्री, इनवेस्ट यूपी से अनिरुद्ध क्षत्रिय, यूपी टूरिज्म से प्रीति श्रीवास्तव, एसोचैम यूपी से डीपी सिंह समेत अन्य अधिकारियों ने हिस्सा लिया। इसमें नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना प्राधिकरण और इनवेस्ट यूपी के अधिकारियों ने एक-एक करके अपना प्रस्तुतिकरण दिया। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने प्रस्तुतिकरण में कहा कि उत्तर प्रदेश भारत का सबसे अधिक आबादी वाला प्रदेश है। यहां कृषि, शिक्षा, स्टार्ट अप, टेक्नोलॉजी, टूरिज्म आदि के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। सीईओ ने मथुरा, काशी और अयोध्या में टूरिज्म की संभावनाओं को रेखांकित किया।

सीईओ ने ग्रेटर नोएडा के इंफ्रास्ट्रक्चर पर अधिक फोकस किया। ग्रेटर नोएडा से जुड़े सभी एक्सप्रेसवे, दिल्ली-मुंबई इंडस्ट्रियल कॉरिडोर, डाटा सेंटर, नॉलेज हब और मास्टर प्लान 2041 के ग्रेटर नोएडा आदि का खाका प्रतिनिधिमंडल के समक्ष खींचा। प्रतिनिधिमंडल ने इन सभी का प्रस्तुतिकरण से बहुत खुश हुए। राज्यसभा सांसद मिथिलेश कुमार कठेरिया ने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के विजन पर फोकस किया। उन्होंने प्रदेश सरकार और नोएडा, ग्रेटर नोएडा व यमुना प्राधिकरण के कार्य प्रणाली की सराहना की। प्रतिनिधिमंडल ने यहां के इंफ्रास्ट्रक्चर को सराहा और टूरिज्म, स्टार्टअप, कौशल विकास, रिसर्च, ड्रोन, टेक्नोलॉजी आदि क्षेत्रों में निवेश, परस्पर सहयोग और ज्वाइंट वेंचर बनाकर कार्य करने की इच्छा जाहिर की। प्रतिनिधिमंडल ने लंच के दौरान भारतीय व्यंजनों की तारीफ की।

इस कार्यक्रम का संचालन एसीईओ प्रेरणा सिंह और समापन एसीईओ सौम्य श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम में जीएम प्लानिंग लीनू सहगल, ओएसडी नवीन कुमार सिंह अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

# अब व्हाट्सएप पर मिलेगा नोएडा-ग्रेनो मेट्रो का टिकट

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा-ग्रेटर नोएडा के एक्वा लाइन मेट्रो पर सफर करना अब



और आसान होने वाला है। जल्द ही यात्री व्हाट्सएप के जरिए मेट्रो टिकट ले सकेंगे। नोएडा मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (एनएमआरसी) ने इसके लिए तैयारियां शुरू कर दी हैं।

एनएमआरसी के अधिकारियों के अनुसार, व्हाट्सएप टिकटिंग के लिए जल्द ही एक नंबर जारी किया जाएगा। यात्री उस नंबर पर 'हाय' लिखकर टिकट प्रक्रिया शुरू कर सकेंगे। भाषा का चयन, यात्रा के स्टेशन, टिकट की संख्या आदि जानकारी देने के बाद ऑनलाइन भुगतान करना होगा। इसके बाद यात्रियों को क्यूआर कोड के रूप में टिकट मिलेगा, जिससे वह आसानी से मेट्रो का सफर कर सकेंगे।

गौरतलब है कि हाल ही में एनएमआरसी ने सभी 21 मेट्रो स्टेशनों पर टोकन वेंडिंग मशीनें भी लगाई हैं। इन सुविधाओं से यात्रियों को लंबी लाइनों से छुटकारा मिलेगा और मेट्रो यात्रा और सुगम बनेगी।

# एमिटी के छात्रों ने दिया 'रक्तदान महादान' का संदेश

**नोएडा ( चेतना मंच )।** छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों को रक्तदान के प्रति जागरूक करने और उसके महत्व को बताने के लिए एमिटी विश्वविद्यालय द्वारा रोटरी ब्लड बैंक दिल्ली के सहयोग से स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस रक्तदान शिविर में लगभग 150 यूनिट रक्त एकत्र किया गया।

कार्यक्रम में रोटरी के पास्ट प्रेसीडेंट और रितनंद बलवेद एजुकेशन फांउडेशन के ट्रस्टी अजय चौहान, दिल्ली के रोटरी के पोस्ट डिस्ट्रीक गर्वनर रूपक जैन, एमिटी विश्वविद्यालय की वाइस चांसलर डा बलविंदर शुक्ला और रोटरी ब्लड बैंक के महानिदेशक डा आदित्य बी शर्मा ने छात्रों को प्रोत्साहित किया।

कार्यक्रम में रोटरी के पास्ट प्रेसीडेंट और रितनंद बलवेद एजुकेशन फांउडेशन के ट्रस्टी अजय चौहान ने जानकारी देते हुए कहा कि हम युवाओ को इस प्रकार के रक्तदान शिविरों में सहभागी बनाकर उनके अदंर मानवमूल्यों का पोषण करते है। रक्तदान करने से रक्तदान करने वाले व्यक्ति को कोई भी नुकसान नही है। आप रक्तदान करके जीवन को बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है। एमिटी विश्वविद्यालय की



वाइस चांसलर डा बलविंदर शुक्ला ने कहा कि एमिटी विश्वविद्यालय द्वारा कई वर्षो से रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। देश व समाज ने हमें बहुत कुछ दिया है और इस प्रकार के नेक कार्यो से हम भी जीवन को बचाने में सहायक बनते हैं। इस अवसर पर एमिटी विश्वविद्यालय के डीन (स्टूडेंट वेलफेयर) डा. एच पी सिंह, डा. जय सैनी, डा. अनुसुइया कपूर और डा. लक्ष्मी अहूजा सहित शिक्षकगण व अधिकारीगण उपस्थित थे।

# चार सपा कार्यकर्ता गिरफ्तार



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** ग्रेटर नोएडा में किसानों के मुद्दों को लेकर सपा कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री की प्रतीकात्मक अर्थी निकालकर उसका दहन किया। इस मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चार सपा कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान विकास, आदित्य, सौरभ और जीवन के रूप में हुई है।

यह प्रदर्शन आबादी निस्तारण, अतिरिक्त मुआवजा और लीज बैंक जैसे किसानों के मुद्दों पर आक्रोश जताने के लिए किया गया था। पुलिस अब समाजवादी पार्टी छात्र सभा के जिलाध्यक्ष मोहित नागर की तलाश कर रही है, जो इस प्रदर्शन में मुख्य भूमिका निभा रहे थे। प्रशासन ने इसे कानून व्यवस्था के खिलाफ गंभीर मामला बताया है और आगे की जांच जारी है।

# नोएडा में फर्जी कॉल सेंटर खोल विदेशी नागरिकों से ठगी

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा कमिश्नरेट पुलिस ने विदेशी नागरिकों को ठगने वाले एक कॉल सेंटर का पर्दाफाश किया है। इस कॉल सेंटर से 11 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। जिनमें 4 लड़कियों और 7 लड़के शामिल हैं। पुलिस के मुताबिक 20-25 दिन पहले ही यह फर्जी कॉल सेंटर नोएडा में खोला गया था। इस कॉल सेंटर का मास्टर माइंड देहरादून में भी यह रैकेट चला चुका है।

डीसीपी नोएडा रामबदन सिंह ने प्रेसवार्ता में बताया कि थाना सेक्टर-113 पुलिस ने सेक्टर-117 में चल रहे एक फर्जी कॉल सेंटर का खुलासा किया है। इस कॉल सेंटर से विदेशी नागरिकों को ठगा जा रहा था। कॉल सेंटर से 11 लोग गिरफ्तार किए गए हैं। इस दौरान कॉल सेंटर से 19 लैपटॉप, 20 मोबाइल फोन, 3 हेडफोन, 5 सिम कार्ड, 1 Wi Fi राउटर, 1 D-Link, v TP Link व अन्य उपकरण बरामद हुआ है। उन्होंने बताया कि कॉल सेंटर चलाने वाले मास्टर माइंड को देहरादून में फर्जी कॉल सेंटर चलाने के आरोप में पहले भी गिरफ्तार किया जा



चुका है। उन्होंने बताया कि इस रैकेट का काम करने का तरीका यह था कि जब किसी कस्टमर के सिस्टम में गड़बड़ी आती थी तो वह इंटरनेट पर कॉल सेंटर से संपर्क करता था कॉल सेंटर कस्टमर की कॉल को इन फर्जी कॉल सेंटरों को दो से ढाई हजार रूपये में बेच देते थे। फर्जी कॉल सेंटर में बैठे लोग कस्टमर से गिफ्ट कार्ड, गोल्ड या क्रिफ्टो करेंसी के माध्यम से पेमेंट लेते थे और फिर वह हवाला या वॉलेट के जरिए इन तक पहुंचता था। उन्होंने बताया कि नोएडा पुलिस इनके बैंक एकाउंट के बारे में पता लगाने का प्रयास कर रही है।

# ऐमनाबाद गांव में चोरी की बिजली से रौनक 40 कमरे

## एनपीसीएल का एक्शन, 96 पर एफआईआर

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** ग्रेटर नोएडा में बिजली चोरी के खिलाफ एनपीसीएल पावर कंपनी की विजिलेंस टीम का सख्त अभियान जारी है। गुरुवार को 8 गांवों और सेक्टरों में छापेमारी के दौरान बड़े पैमाने पर बिजली चोरी पकड़ी गई है। ऐमनाबाद गांव में 4 दुकानों और 40 कमरों को चोरी की बिजली से रोशन किया जा रहा था। सेक्टर ओमिक्रॉन-3 समेत अन्य क्षेत्रों में भी बिजली चोरी की पुष्टि हुई। कुल 454 किलोवाट की बिजली चोरी पकड़ी गई और 96 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

एनपीसीएल के प्रवक्ता मनोज झा ने बताया कि एडवांस डेटा एनालिसिस के जरिए संदिग्ध उपभोक्ताओं की पहचान की गई थी। ऐमनाबाद गांव में नीतीश भाटी के परिसर में 27 किलोवाट का अवैध लोड जोड़कर 40 कमरे और 4 दुकानों को चोरी की बिजली से रोशन किया जा रहा था।

# दीया लाइटें लगा रहीं ग्रेटर नोएडा की सुंदरता को चार चांद

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** ग्रेटर नोएडा को और सुंदर शहर बनाने के लिए प्राधिकरण ने मुहिम शुरू की है। प्राधिकरण ने ग्रेटर नोएडा के प्रमुख मार्गों , मसलन 105 मीटर रोड, नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे पर परी चौक के पास,

## आरडब्ल्यूए संग चौपाल कर डार्क स्पॉट को भी खत्म करने की कोशिश

सूरजपुर-कासना रोड, 60 मीटर रोड के लगभग 100 से लोकेशनों पर दीया लाइटें लगवाई हैं।





प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने ग्रेटर नोएडा को कुछ विशेष लाइटों से सजाने के निर्देश दिये। उन्होंने एसीईओ प्रेरणा सिंह को यह जिम्मेदारी सौंपी। एसीईओ ने प्राधिकरण के विद्युत अभियांत्रिकी विभाग की टीम के साथ दीया लाइटों को लगवाने का अभियान शुरू किया गया। ग्रेटर नोएडा के प्रमुख लोकेशनों पर दीया लाइटें लगवाई गईं हैं। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की एसीईओ प्रेरणा सिंह ने बताया कि दीया लाइटें 100 से अधिक जगहों पर लगाई जा चुकी हैं। शाम को अंधेरा होने पर ये लाइटें जल जाती हैं, जिससे इन रास्तों से गुजरने पर शहर और भी सुंदर लगता है। उनका कहना है कि ग्रेटर नोएडा बहुत खूबसूरत शहर है। इसलिए इसे अलग तरह से सजाने की भी जरूरत है।

उन्होंने बताया कि सीईओ के निर्देश पर ही चौपाल कार्यक्रम भी शुरू किया गया है, जिसमें ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के विद्युत अभियांत्रिकी विभाग की टीम आवासीय सेक्टरों में जाकर आरडब्ल्यूए पदाधिकारियों से मिलती है। टीम उस सेक्टर में डार्क स्पॉट के बारे में जानकारी लेकर रिपोर्ट सीनियर अधिकारियों को सौंपती है। प्राधिकरण के अधिकारी आरडब्ल्यूए से फोनवार्ता कर डार्क स्पॉट का वेरिफिकेशन करती है। इन डार्क स्पॉट पर लाइटें लगवाई जाएंगी।

प्राधिकरण के विद्युत अभियांत्रिकी विभाग की टीम अब तक सेक्टर ज्यू वन, टू व थ्री, सेक्टर पाई वन व टू, सेक्टर-36, सेक्टर-3, सेक्टर ओमीक्रॉन वन व टू आदि सेक्टर हैं। एसीईओ ने कहा है कि चौपाल अभियान आगे भी जारी रहेगा। ग्रेटर नोएडा के अन्य आवासीय सेक्टरों को भी इससे जोड़ा जाएगा।

